卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 41 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦17 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

सैन्य ताकत की दिशा में भारत को मिली एक और बड़ी उपलब्धि

## लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली( उद संवाददाता) ।भारत ने सैन्य ताकत की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रविवार को लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण को एक अहम कदम बताया जा रहा है। यह मिसाइल 1500 किमी से अधिक रेंज के लिए विभिन्न पेलोड्स ले जाने के लिए डिजाइन की गई है। इस सफलता के बाद रक्षा मंत्री रजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा के तट से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान



परीक्षण सफलतापूर्वक किया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है और भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियां हैं। इस लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण के बाद डीआरडीओ ने कहा कि मिसाइल को विभिन्न रेंज सिस्टम द्वारा ट्रैक किया गया और फ्लाइट डेटा से यह पुष्टि हुई कि टर्मिनल मैन्युवर्स और लक्षित क्षेत्र में प्रक्षिप्ति सटीकता के साथ सफल रहे। इस लंबी दूरी की मिसाइल की खास बात है कि ये भारत में ही निर्मित हुई है। इस मिसाइल को हैदराबाद के (शेष पृष्ठ सात पर)

## दिल्ली में 'आप' को झटका परिवहन मंत्री ने छोड़ी पार्टी

नई दिल्ली( उद संवाददाता)। विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखकर इसकी



जानकारी दी है। सीएम आतिशी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलौत ने इस्तीफे में यमुना की सफाई और शीशमहल निर्माण का मुद्दा उठाया है। गहलोत ने चिट्ठी में लिखा कि यमुना की सफाई का वादा हमने पिछले चुनाव में किया था, लेकिन सफाई नहीं हुई, हम अपना वादा पूरा नहीं कर पाए। कैलाश गहलोत ने अपने मंत्री पद के साथ-साथ 'आप' की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दिया है। गहलोत ने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि जिस ईमानदार राजनीति के चलते वह आम आदमी पार्टी में आए थे, वैसा अब नहीं हो रहा है। उन्होंने पार्टी के संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को 'शीशमहल' करार देते हुए कई आरोप( शेष पृष्ठ सात पर)

## युवा कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।उत्तराखंड पुलिस भर्ती में महिलाओं के अधिकारों पर हनन, बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में युवा कांग्रेस



प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान साहू ने कहा पुलिस भर्ती में महिलाओं के पद आरक्षित ना होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है पुलिस कांस्टेबल विज्ञप्ति में महिलाओं उम्मीदवारों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं किया गया जबकि शासन ने महिलाओं के (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकाबू डंपर ने बुग्गी को उड़ाया,एक की मौत दो गंभीर

### हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

रुड़की (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में हादसे थम नहीं रहे हैं। रोज किसी न किसी हादसे में लोगों की जान जा रही है। खानपुर में रविवार तड़के एक हादसा हो गया। हाइवे पर एक भैंसा बुग्गी को पीछे से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में





एक युवक की के साथ ही भैंसे की भी मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटन के बाद डंपर चालक फरार हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली लगाकर हाईवे जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, खानपुर थाना क्षेत्र के ब्राह्मणवाला गांव निवासी 28वर्षीय पोपिन पुत्र लखीराम,25 वर्षीय शेखर पुत्र सोमी, सौरभ पुत्र चरण सिंह रविवार तड़के करीब छह बजे अपनी भैंसा बुग्गी लेकर खानपुर की ओर खेतों में जा रहे थे। जैसे ही वह खानपुर-लक्सर हाईवे पर खानपुर कस्बे के पास पहुंचे। इसी दौरान लक्सर की ओर से आ रहे तेज गति के डंपर ने बुग्गी को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही पोपिन की मौत हो गई। वहीं, एक भैंसे की भी मौत हो गई। हादसे में बुग्गी पर सवार शेखर और सौरभ गंभीर रूप से घायल( शेष पृष्ठ सात पर)

## पुनर्वास के लिए व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लगभग दो वर्ष पूर्व रामनगर में आयोजित जी 20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन द्वारा यहां रोडवेज के सामने राम मनोहर लोहिया व नेहरू मार्केट के उजाड़े गये व्यापारियों ने आज गांधी पार्क के समक्ष शासन प्रशासन पर झूठे वायदे करने के आरोप लगाते हुए व्यापार मंडल



अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में पुर्नवास की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। संजय जुनेजा ने कहा कि जब से व्यापारियों को उजाड़ा गया है प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट, स्थानीय विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल व निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह सहित अन्य तमाम अधिकारी व सत्तारूढ़ दल के कई नेता लगातार व्यापारियों को पुर्नवास कराने का आश्वासन देते रहे हैं। लेकिन अभी तक उजाड़े गये व्यापारियों को पुर्नवास नहीं किया गया। जो सभी नेताओं व अधिकारियों का व्यापारियों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया दर्शाता है। जिसे अब व्यापारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कल सभी व्यापारी एकजुट होकर पुन: प्रात: 11 बजे जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनके सम्मुख अपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## मारपीट के बाद छात्र लापता,अनहोनी की आशंका

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। रम्पुरा निवासी एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है, आरोप है कि लापता छात्र के साथ स्कूल में पढ़ने वाले एक सहपाठी और उसके साथियों ने मारपीट और बदसलूकी की थी, जिसके बाद से छात्र लापता हो गया। परिजनों ने लापता छात्र के साथ स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्रों और उसके साथियों पर छात्र को



गायब करने का संदेह व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। रम्पुरा वार्ड नं. 23 निवासी खुशबू पत्नी राकेश कुमार ने मोहल्ले की कई महिलाओं के साथ रम्पुरा चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में महिला ने कहा कि उसका पुत्र हिमेश शहर के ही एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ता है। दो दिन पहले ही उसके साथ पढ़ने वाले एक छात्र ने हिमेश के साथ स्कूल में गाली गलौच और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके अपमानित किया था। इसके बाद शनिवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे प्रीत विहार में जिम के पास उसी छात्र ने अपने 15-16 साथियों के साथ हिमेश को घेर कर मारपीट की और उससे थूककर चाटने को कहा। काफी देर तक इन्होंने सड़क पर ही हिमेश को प्रताड़ित किया। भीड़ एकत्र होने पर उक्त सभी लोग फरार हो गये। महिला का कहना (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी

### पांच के खिलाफ केस दर्ज, कुंडा क्षेत्र में गैंग सक्रिय

काशीपुर/कुंडा। सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए ठगी किए जाने का हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में काबिले गौर पहलू यह है कि धोखाधड़ी का कारनामा किसी और ने नहीं बल्कि उसके सगे संबंधियों ने अंजाम दिया। इस मामले में शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर भुक्तभोगी के ममिया ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। ग्राम भरतपुर, थाना कुंडा, जसपुर निवासी संजीव कुमार पुत्र गिरीश चन्द्र ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी पत्नी के मामा भूदेव उर्फ भोला पुत्र रामौतार निवासी ग्राम श्यामनगर, थाना कुण्डा ने उससे कहा कि वह उसे डीएलएड कराकर व ट्रेनिंग कराकर किसी प्राईमरी स्कूल में टीचर की नौकरी लगवा देगा। उसने कहा कि मेरे सम्बन्ध शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से हैं, तुम्हारा काम आसानी से हो जायेगा। इस कार्य के एवज में भूदेव उर्फ भोला ने उसे 5 लाख रुपये का खर्चा बताया, जिस पर वह राजी हो गया। संजीव कुमार ने बताया कि उक्त भूदेव उर्फ भोला ने उससे 3 लाख 60 हजार रुपये नकद ले लिये और उसके उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक खाते के 2 ब्लैंक चौक भी ले लिये और कहा कि इनके आधार पर तुम्हारा सैलरी एकाउण्ट खुलेगा और सैलरी भी इसी एकाउण्ट में आने लगेगी तथा शेष रकम कुछ समय बाद लेने को कहा। संजीव ने बताया कि जब काफी समय बीत जाने पर भी भूदेव उर्फ भोला ने उसे डीएलएड नहीं कराया और ना ही उसकी नौकरी लगवाई तो उसने भूदेव से अपनी रकम वापस करने को कहा तो वह टाल-मटोल करने लगा। उसने कहा कि अभी फार्म नहीं आये हैं जब भी फार्म आयेंगे तो डीएलएड करा दूंगा या किसी अन्य विभाग में नौकरी लगवा दूंगा। इस बीच वर्ष 2022 में उसका एक्सीडेन्ट हो गया और उसके सिर, हाथ, पैर व शरीर में कई जगह गम्भीर चोटें आई जिससे उसका सम्पर्क भूदेव उर्फ भोला से टूट गया। जब उसने ठीक होने के उपरान्त उक्त भूदेव से अपनी रकम मांगी तो उसने वर्ष 2024 की 15 मार्च को उसे टांडा उज्जैन, काशीपुर में बुलाया और वहां अपने एक परिचित विक्की चोटियाल पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम भगवन्तपुर, जसपुर से मिलवाया और कहा कि यह विक्की चोटियाल उसकी वन विभाग में नौकरी लगवा सकते हैं। इनके सम्बन्ध वन विभाग में उच्च (शेष पृष्ठ सात पर)

## फॉर्च्यूनर कार व 50 लाख के लिए विवाहिता को मारने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह पश्चात दहेज में फॉर्च्यूनर कार और 50 लाख नगदी की मांग कर ससुरालियों द्वारा विवाहिता को जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 27 जनवरी 2019 को शेखर उर्फ राजकुमार गोस्वामी पुत्र डा. प्रमोद गिरि निवासी रक्षा इन्कलेव ग्रेटर नोएडा. उप्र वर्तमान निवासी दादरी रोड़ सूरजपुर ग्रेटर नोएडा से हुआ था। विवाह से पूर्व शेखर की आयु मुझसे 5-6 साल अधिक होना बताया गया था परन्तु बाद में पता चला कि पति शेखर की आयु उससे 12 साल अधिक है। विवाह में काफी जेवर व नगदी देने के बावजूद भी ससुर डा. प्रमोद गिरी, ननद संगीता गोस्वामी, देवर राहुल गोस्वामी तथा पति शेखर उर्फ राजकुमार गोस्वामी खुश नहीं थे। इन लोगों ने ताना देते हुए कहा कि तेरे माँ-बाप ने हमारी हैसियत को देखते हुए हमें कुछ भी खास नहीं दिया है उन्हें 50 लाख रूपये नकद और फॉर्च्यूनर कार मिलनी चाहिये थी। उनको फॉर्च्यूनर कार और 50 लाख रूपये नकद दे पाने में असमर्थता जताई तो उसको बुरी तरह प्रताड़ित कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# तेज हुई जुबानी जंग : आशा नौटियाल की आंखो से छलके आंसू

## केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस के नेताओ ने झोंकी जान, 20 नवम्बर को होगा मतदान





देहरादून/रुद्रप्रयाग(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में केदारनाथ विधानसभा सीट भाजपा की झोली में डालने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद मोर्चा संभाल रहे हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत भी लगातार भाजपा पर केदारनाथ की अनदेखी का आरोप लगाकर जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इस सीट पर अब तक तीन बार भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है और दो बार कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी रहे हैं। केदारनाथ विधानसभा सीट भाजपा विधायक शैला रानी रावत के निधन के बाद खाली हुई है। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों का दावा है कि यह सीट उनकी झोली में जा रही है। भाजपा की टिकट पर आशा नौटियाल मैदान में हैं। उनकी टक्कर कांग्रेस नेता मनोज रावत से है। वहीं शनिवार को रूद्रप्रयाग में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल मंच से भाषण देते हुए भावुक हो गई और उनकी आंखो से आंसू छलक आये मंच पर मौजूद सीएम पुष्कर सिंह धामी,प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम समेत भाजपा विधायकों ने उन्हें संभाला। अपने भाषण के दौरान आशा नौटियाल ने कांग्रेस पर केदारनाथ मंदिर के नाम पर राजनीति करने का आरोप मढ़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दुष्प्रचार कर रही है लेकिन केदारनाथ का मंदिर कभी कहीं नहीं जा सकता है। साल 2002 में इस सीट पर भाजपा की टिकट पर आशा नौटियाल जीती थीं। अगले चुनाव में 2007 में भाजपा की टिकट पर आशा रानी नौटियाल जीतीं। वहीं, 2012 में कांग्रेस से शैला रानी रावत जीतीं जबकि 2017 में मनोज रावत ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की। साल 2022 में शैला रानी रावत भाजपा के टिकट पर यहां से जीतीं। केदारनाथ में रोजगार का मुद्दा सबसे अहम है। केदारनाथ की यात्रा भी मुख्य मुद्दों में से एक है क्योंकि यहां के लोगों के लिए यह रोजगार का जरिया भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को यहां चुनावी सभा की। उन्होंने कहा है कि पिछले तीन साल से निरंतर केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है जिससे क्षेत्र में करोड़ों का व्यवसाय हुआ है एवं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए द्वार खुले हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा की जनता कांग्रेस के दुष्प्रचार को भली भांति समझ चुकी है और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का मन बना चुकी है. केदारघाटी की जनता ने पहले भी भाजपा का साथ दिया है और अब उपचुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से विजयी बनाने जा रही है. दिवंगत विधायक शैलारानी रावत के सपनों को आशा नौटियाल पूरा करेंगी. शनिवार को केदारघाटी के सुप्रसिद्ध तीर्थ शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में मतदान को लेकर तल्लानापुर के चोपता व क्यूंजा घाटी के चंद्रनगर में विशाल जनसभाओं को सीएम धामी ने संबोधित किया. सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड वीरों की भूमि है और इस माटी के कण-कण में दैवीय शक्ति विराजमान है. उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश में 60 वर्षों तक राज किया और आज केदारनाथ व सनातन पर राजनीति कर रही है, जिसे बाबा केदार बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि तल्लानागपुर व क्यूंजा घाटी में विभिन्न समस्याओं का निराकरण आचार संहिता के बाद तनमयता से किया जाएगा। उन्होंने विशाल जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की. कहा कि आशा अपने सरल स्वभाव और सादगी के लिए जनता के बीच लोकप्रिय हैं तथा सदैव क्षेत्र हित के लिए समर्पित रहती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में यदि महिलाओं का सम्मान होता तो स्व. शैला दीदी भाजपा में नहीं आती। ये कांग्रेस के लोगों की सच्चाई बच्चों बच्चों को पता चल गई है। उन्होंने कहा कांग्रेस प्रत्याशी मेरे मुख्य सेवक रहते हुए कभी विकास योजनाओं को लेकर मेरे पास नहीं आए, पर आशा नटियाल जी सैकड़ो बार केदारनाथ क्षेत्र के विकास को लेकर आई हैं। कांग्रेस प्रत्याशी बस चुनाव केदारनाथ से लड़ते हैं बाकी हर काम वो इस क्षेत्र के बाहर से करते हैं। उन्होंने जनता से किसी के झांसे में न आकर आने का आग्रह किया। उन्होंने जनता से कांग्रेस को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

## महंगाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और अत्याचार के मुद्दों पर वोट करेंगी महिलायें : माहरा



रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपुचनाव में कांग्रेस नेताओं ने भी एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के समर्थन में जनसम्पर्क और नुक्कड़ जनभाओं में ग्रामीणों से मतदान की अपील की। वहीं शनिवार को रुद्रप्रयाग में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं और उनकी पार्टी की महिलाएं आंखें बंद किए हुए हैं। अंकिता भंडारी मामले में प्रदेश सरकार चुप्पी साध हुए है और महिलाओं को सशक्त व मजबूत करने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केदारनाथ विधानसभा की महिलाओं में जागरूकता देखने को मिल रही है। महिलाएं अंकिता भंडारी हत्याकांड से लेकर महंगाई, स्वास्थ्य, शिक्षा के मुद्दों पर बात कर रही हैं। यहां तक कि सरकार से मिलने वाली राशन पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति षड़यंत्र की रही है और हमेशा भाजपा ने सनातन धर्म पर राजनीति की है. हमारे धार्मिक स्थलों की परम्पराओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। केदारनाथ धाम के अंदर कैमरे ले जाये गये जबकि मंदिर में लगाया गया सोना खराब हो गया। इसके बावजूद भी सरकार ने कोई जांच नहीं करावाई। केदारनाथ धाम जैसे पवित्र स्थल की झूठी कसमें खाई जा रही हैं। भाजपा सरकार में भर्ती घोटाला और बलात्कार जैसी घटनाओं में भाजपा नेता शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कार्यकर्ताओं की वर्कशॉप लगानी चाहिए और उन्हें ज्ञान देना चाहिए. उत्तराखंड अपराध मुक्त है, लेकिन भाजपा के नेता और कार्यकर्ता देवभूमि को कलंकित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा का संचालन करने में भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। आपदा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और दर्शन के लिए व्यवस्थायें पूरी तरह से लड़खड़ाई रही जिससे स्थानीय लोगों का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि यहां भाजपा के कुशासन से जनता परेशान है। बीते दो-तीन साल में केदारनाथ और चारधाम यात्रा को भाजपा ने बर्बाद किया है। वहां व्यापार घटा है और लोगों में इसे लेकर काफी नाराजगी है। स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति ठीक नहीं है। भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने क्षेत्र के विकास को लेकर और महिलाओं के हितों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया है। यहां तक कि प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ने के बावजूद वह चुप रही हैं यहां के लोग सरकार से नाराज हैं और वे कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे।

## ऐशवर्या के साथ फोटो खिंचवाने पर घमासान, कार्यवाही से भड़के हरदा



देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव के प्रचार में डटे पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। केदारनाथ उपचुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन के नाम पर हुई कोर्यवाही को लेकर पूर्व सीएम ने बताया कि राजनीति क्या इतनी नीचे तक गिर सकती है या गिरनी चाहिए? क्या मैं इतना न छूने लायक हो गया हूं कि कोई व्यक्ति किसी संवेदना प्रकट करने के लिए गए स्थल पर मेरे साथ फोटो फ्रेम में आ जाए तो उसको अपनी राजकीय सेवाओं से हाथ धोना पड़ेगा। श्रीमती शैलारानी जी का केदारनाथ कर्म क्षेत्र था, वह दिवंगत हो गई। मैंने टेलीफोन कर उनके पति देव और उनकी पुत्री, दोनों से सांत्वना प्रकट की। क्योंकि हम अलग-अलग राजनीतिक दलों में थे। मैं उस समय दिल्ली में था सूचना मिलने में देरी हो गई तो मैं एकाध बार उनके आवास देहरादून पर जाना चाहता था, वहां उस दिन उनकी पुत्री ऐश्वर्या, जो उनकी एकमात्र संतान है वह उपलब्ध नहीं थी। जब मैं यहां चुनाव प्रचार के लिए आया केदारनाथ क्षेत्र में तो यह बात खटकी कि मुझे ऐश्वर्या जी के निवास पर जाना चाहिए, शैला जी के निवास पर अगस्त्यमुनि में जाना चाहिए और मैं उनके आवास पर गया। विशुद्ध रूप से पुष्प चढ़ाने के लिए गया और वहां जो उन्हीं के पारिवारिक जन मुझे यह भी मालूम नहीं था कि कोई उसमें कहीं शिक्षक भी है वह लोग भी थे तो उन्होंने मेरे साथ श्रद्धांजलि के बाद एक फोटो खींचवा ली और वह फोटो वायरल हो गई। अब मुझे पता चला है कि उस व्यक्ति को जो शैलारानी जी का रिश्तेदार था उसको केवल मेरे फोटो में आने के कारण दंडित कर दिया गया है और उन्हें शिक्षा विभाग पौड़ी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग और प्रशासन निष्पक्षता का उच्चतम् उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। मैं संवेदना के लिए घर जा रहा हूं, कोई राजनीतिक बात नहीं है। लेकिन जो मेरे साथ खड़े हैं, कैसे उनको दंडित किया जाए उसका रास्ता ढूंढा जा रहा है? और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी ने अधिकारिक रूप पर चुनाव आयोग को शिकायत की है कि केदारनाथ क्षेत्र में सरकारी मशीनरी का खुलकर के दुरुपयोग किया जा रहा है। राज्य के स्टेट ऑफिस की गाड़ियां जगह-जगह खड़ी हैं। मुझे मालूम है उनमें धन और शराब पहुंचाई जा रही है। बांटने वाले कौन हैं कोई बताने की आवश्यकता नहीं है तो हम आह भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम और सत्ता यदि कत्ल भी कर देती है तो कहते हैं चर्चा न कर।

# खरीद फरोख्त की जांच तेज, जमीन होगी जब्त

### अल्मोड़ा में अभिनेता मनोज बाजपेयी को जमीन खरीदवाने के लिए नियम-कायदे ताक पर रखे नौकरशाह पर भी गिर सकती है कार्रवाई की गाज, कई जिलों में बाहरी लोगों ने खरीदी जमीन

देहरादून/अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रदेशभर में बाहरी लोगों की ओर से जमीनों की खरीद-फरोख्त के मामले पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। डीएम आलोक कुमार पांडे ने जिले में नियमों का उल्लंघन कर खरीदी गईं जमीनों के मामलों की जांच बैठा दी है। इसी के मद्देनजर



अल्मोड़ा तहसील के अंतर्गत जमीन की खरीद-फरोख्त की जांच में कई तथ्य सामने आए हैं। फिल्म स्टार मनोज बाजपेयी को जमीन खरीदवाने के लिए नियम-कायदे तक ताक पर रख दिए गए थे। सूत्रों का दावा है कि प्रदेश के एक वरिष्ठ राजनेता के प्रभाव में जब अभिनेता की जमीन की रजिस्ट्री कराई गई तो सारी रिपोर्ट दो दिन में ही पूरी कर दी गई थी। बाकायदा, रजिस्ट्री की प्रक्रिया देर शाम पूरी की गई थी। मनोज बाजपेयी ने 2021 में अल्मोड़ा के लमगड़ा विकासखंड के कपकोट गांव में लगभग 15 नाली जमीन खरीदी थी। कथित तौर पर इस खरीद का उद्देश्य एक ध्यान और योग केंद्र का विकास करना बताया गया था। फिल्म स्टार की यह जमीन भी जांच के दायरे में है। शासन में तैनात एक वरिष्ठ नौकरशाह पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। चर्चा है कि बाजपेयी की जमीन को भी जब्त की जा सकती है। हालांकि, डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा कि जमीन जब्त की जाएगी या नहीं, यह तो जांच के आधार पर ही तय किया जा सकता है। फिलहाल जमीन खरीद के मामले में मानकों को पूरा नहीं करने की बात सामने आई है। अभी इस मामले में जांच जारी है, कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शासन को भी इस बारे में अवगत करा दिया गया है। डीएम का स्पष्ट कहना है कि जहां कहीं भी नियमों के उल्लंघन का मामला पाया जाएगा उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की जांच के मुताबिक तीन अन्य की जमीन भी जब्त की जा सकती है। ऐसे ही 23 अलग-अलग मामलों की जांच की जा रही है। पिछले दिनों अल्मोड़ा तहसील प्रशासन ने मुंबई के एक उद्योगपति की 108 नाली जमीन को जब्त कर बैनामा रद्द कर दिया था। तब से जिले में हर क्षेत्र में ऐसी जमीनें तलाशी जा रही हैं जिन्हें बड़ी-बड़ी हस्तियों ने खरीदा है। इन जमीनों की खदीद-फरोख्त में प्रदेश की जमीन खरीद संबंधी नीति का उल्लंघन किया गया है। **बागेश्वर में चार लोगों पर कार्रवाई गतिमान:** बागेश्वर जिले में जमीन खरीदने वाले चार लोगों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई चल रही है। इन लोगों ने जिस उद्देश्य से जमीन खरीदी थी, उस उद्देश्य से उन्होंने जमीन का उपयोग नहीं किया। एक व्यक्ति के खिलाफ जांच पूरी होने के बाद उसकी जमीन को जब्त किया जा चुका है। जिला प्रशासन के अनुसार कौसानी में अवशीन कुमार झा ने 0.134 हेक्टेयर, अनीता कपूर ने 0.614 और कपकोट में मैसर्स ऊनी वस्त्र ने 0.014 हे. और उत्तर भारत हाइड्रो पावर कंपनी ने 0.090 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। कौसानी में जिस उद्देश्य से जमीन खरीदी गई थी, उसका उपयोग दूसरे कार्य में किया जा रहा था। कपकोट में खरीदी गई जमीन पर भी कोई कार्य नहीं किया जा रहा था। इसके चलते इस मामले में भी कार्रवाई गतिमान है। मैसर्स त्रिलोक ग्रामोद्योग के खिलाफ मामला पूरा होने के बाद उनकी खरीदी जमीन को जब्त कर लिया गया है। एडीएम एनएस नबियाल ने बताया कि जमीन खरीदने के बाद इनका उपयोग वांछित प्रयोजन में नहीं किया गया। गरुड़ और कपकोट के एसडीम के यहां इन चार जमीनों के मामले चल रहे हैं। **नैनीताल तहसील क्षेत्र में बाहर के लोगों ने खरीदी है 23.88 हेक्टेयर जमीन:** नैनीताल तहसील क्षेत्र में बाहरी राज्यों के लोगों ने भी भरपूर जमीन खरीदी है। पट्टी पटवारियों की ओर से एसडीएम को भेजी गई रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। बाहरी राज्यों के 43 लोगों ने तहसील क्षेत्र में 23.889 हेक्टेयर जमीन खरीदी है। एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार ने बताया कि तहसील नैनीताल में 23.889 हेक्टेयर भूमि (उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) की धारा 154 (4) (3) (ख)) के तहत अनुमति के बाद खरीदी गई है। जानकारी के अनुसार, जिस दिन से यह भूमि खरीदी गई है, उस दिन से अगले दो साल तक इस भूमि में कृषि संबंधी कार्य नहीं किया गया। इससे साफ है कि जिन लोगों ने ये जमीनें खरीदीं उनके द्वारा संबंधित अधिनियम का उल्लंघन किया जा रहा था। एसडीएम नैनीताल ने बताया कि उक्त भूमि पर अधिनियम की धारा 166/167 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र के पटवारी हेम जोशी ने बताया कि अकेले मुक्तेश्वर और रामगढ़ क्षेत्र में बाहरी राज्यों के करीब 30 लोगों की भूमि मिली है। कृषि कार्य के लिए खरीदी गई इस भूमि पर कोई काम नहीं किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को भेज दी है। वरुणा अग्रवाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट, नैनीताल ने बताया नैनीताल तहसील क्षेत्र में करीब 50 बाहरी राज्यों के लोगों की जमीन मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। जिस प्रयोजन के लिए ये जमीनें खरीदी गई हैं, उस उपयोग में न लाने वाले लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इन मामलों की जांच जारी है। **चंपावत में एक मामले में चल रही जांच:** एसडीएम सौरभ असवाल ने बताया कि चंपावत जिले में एक बाहरी व्यक्ति ने नियम विरुद्ध भूमि खरीदी है। इस पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच के बाद कोर्ट में केस दर्ज किया जाएगा।

# 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ

## परमात्मा को जीवन में शामिल करने से होता है मानवीय गुणों का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। परमात्मा जानने योग्य है, इसे जानकर जब हम इसे अपने जीवन का आधार में बना लेते हैं तब सहज रूप में हमारे जीवन में मानवीय गुणों का विस्तार होता चला जाता है।'' उपरोक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा 77वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के प्रथम दिवस पर मानव हित में संबोधित किए गये। इस तीन-दिवसीय संत समागम में केवल भारतवर्ष से ही नहीं अपितु विश्वभर के अनेक स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। सतगुरु माता जी ने विशाल सत्संग के रूप में एकत्रित सभी संतो को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि वास्तविक रूप में 'असीम की ओर-विस्तार', यह एक अंदर से बाहर की दिव्य यात्रा है। अक्सर मनों में तनाव तथा दिल और दिमाग के तालमेल की बात आती है। वास्तव में मन और मस्तिष्क दोनों ही साथ है परन्तु कभी मन कुछ ओर चाहता है और मस्तिष्क कुछ और सोचता है। लेकिन जब हम इस परमात्मा संग जुड़ जाते हैं तब मन में स्थिरता आ जाती है और अपनत्व का भाव उत्पन्न हो जाता है फिर मन विशाल बन जाता है। अंत में सतगुरु माता जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि युगों-युगों से संतों, पीरों ने यही सन्देश दिया कि हमें अपनी आध्यात्मिक यात्रा करते हुए मानवता के काम ही आना है। परमात्मा द्वारा प्रदान की हुई चीजें एवं इन्सानों ने भी जो आविष्कार किए हैं, उनका सदुपयोग करते हुए इस धरा को ओर अधिक सुंदर बनाना है। इससे पूर्व समागम स्थल पर आगमन होते ही




सतगुरु माता जी व निरंकारी राजपिता जी का सन्त निरंकारी मण्डल की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों व अन्य अधिकारियों ने फूल मालाओं एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तदोपरांत मंच तक उनका स्वागत एक भव्य शोभा यात्रा के रूप में किया गया। इस शोभा यात्रा में निरंकारी इंस्टिटुयट ऑफ मयूजिक एण्ड आर्टस के 300 से भी अधिक छात्रों ने नृत्य एवं संगीत के माध्यम द्वारा दिव्य युगल का अभिनन्दन किया। फूलों से सुसज्जित खुली पालकी में दिव्य युगल विराजमान होकर श्रद्धालु भक्तों को अपना पावन आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे और वहाँ उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्त आनंदित होकर अपनी नम आंखों से, हाथ जोड़ते हुए उनका स्वागत भक्तिभाव से कर रहे थे। दिव्यता का यह अनुपम नजारा मिलवर्तन की सुंदर भावना को वास्तविक रूप में साकार कर रहा था जिसमें हर भक्त अपनी जाति, धर्म, भाषा को भुलाकर केवल प्रेमाभक्ति में सराबोर था। इस वर्ष का समागम शीर्षक 'विस्तार-असीम की ओर' है, जिस पर आधारित निरंकारी प्रदर्शनी सभी संतों के लिए मुख्य आर्कषण का केन्द्र बनी हुई है। इस दिव्य प्रदर्शनी को मूलतः तीन भागों में विभाजित किया गया है जिसके प्रथम भाग में भक्तों को मिशन के इतिहास, विचारधारा एवं सामयिक गतिविधियों के अतिरिक्त सतगुरु द्वारा देश व विदेशों में की गई दिव्य कल्याणकारी प्रचार यात्राओ की पर्याप्त जानकारी प्राप्त होगी। द्वितीय भाग में संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के सभी उपक्रमों व गतिविधियों को दर्शाया जा रहा है। तृतीय भाग के अंतर्गत बाल प्रदर्शनी को बड़े ही मनमोहक व प्रेरणादायक रूप में बाल संतों द्वारा प्रदर्शित किया गया है। निरंकारी संत समागम पर भक्ति और भाईचारे की भावना से सराबोर अन्य पहलु आपके साथ आने वाले दिनों में सांझा किए जायेंगे।

# खनन समिति की बैठक में डीएम ने दिए दिशा निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।खनन समिति की बैठक में डीएम ने विभागीय अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की विभिन्न नदियों में इस वर्ष खनन चुगान कार्य शुरू होने से पूर्व इस कार्य में चलने वाले सभी वाहनों की फिटनेस संबंधी औपचारिकताएं करना प्रारंभ कर लिया जाय। इस हेतु उपजिलाधिकारी हल्द्वानी परिवहन विभाग व वन निगम के साथ ट्रांसपोर्टर एवं डंपर चालकों के साथ बैठक कर लें। उन्होंने कहा कि दाबका नदी में अगले सप्ताह से खनन चुगान का कार्य प्रारंभ होगा। वाहन की कुल भार क्षमता के अनुसार वाहन में खनन सामग्री परिवहन हो इस हेतु वन विभाग ओटोमेटिक सिस्टम और आधुनिक तकनीकी का उपयोग करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी वंदना ने बैठक में वर्तमान वर्ष में जिले के गोला, नंधौर कोसी एवं दाबका नदी में होने वाले खनन चुगान की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुए जानकारी ली तथा अधिकारियों को सभी तैयारियां यथासमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में वन निगम से आए प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया कि गोला नदी में खनन प्रारंभ करने हेतु प्रक्रिया गतिमान है।पंजीकरण हेतु 1600 आवेदन



वितरित किए गए हैं। अभी तक 168 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन्हें परिवहन विभाग को वाहन फिटनेस हेतु भेजे जा रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने एटीएस फिटनेस सेंटर व परिवहन विभाग में की जा रही वाहनों की फिटनेस की जानकारी ली। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा रोड सेफ्टी के तहत वाहनों का फिटनेस होना अत्यंत आवश्यक है इस हेतु परिवहन विभाग समय समय पर ओचक वाहनों का निरीक्षण कर फिटनेस देखें विशेष रूप से पुराने वाहनों को। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन जिन स्थानों में खनन कार्य होना है,उन स्थानों में बाहरी क्षेत्र से आने वाले मजदूरों का सत्यापन का कार्य पुलिस विभाग मौके पर ही जाकर करे। जिलाधिकारी ने कहा कि वाहनों में ओवर लोडिंग को रोके जाने हेतु संबंधित विभाग संयुक्त रूप से कार्यवाही करे। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न स्थानों में रिवर ड्रेजिंग के संबंध में पूर्व में तैनात की गई संयुक्त टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के संबंध में भी जानकारी ली,जिस संबंध में अवगत कराया कि जिले के बेतालघाट, कालाढूंगी, धारी ओखलढुंगा में रिवर ड्रेजिंग हेतु समिति द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा के दृष्टिगत जिन स्थानों में ड्रेजिंग का कार्य करने हेतु समिति द्वारा सुझाव दिए गए हैं उन्हीं स्थानों में ड्रेजिंग प्रारंभ किया जाय। इस हेतु अपर जिलाधिकारी मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर लें। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगड़ी, प्रकाश आर्या, अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान, एसपी सिटी हरबंस सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, जिला खान अधिकारी ताजवर सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सभी बार और शराब की दुकानें रात 11 बजे तक ही खुली रहेंगी : डीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। जिला प्रशासन ने देहरादून के एक निजी होटल में 24 घंटे बार खोलने के आदेश को निरस्त कर दिया है। 24 घंटे बार खोलने के आदेश की सोशल मीडिया और आम जनता में जमकर आलोचना हो रही थी। जिसके बाद नए आदेश जारी किए गए हैं। निजी होटल में 24 घंटे बार खोलने का आदेश निरस्त कर दिया गया है। बता दें कि ये पूरा मामला वर्तमान जिलाधिकारी से पहले का है। जिसके बाद जिला प्रशासन की सिफारिश के बाद आबकारी आयुक्त ने बार को दिए गए अतिरिक्त समय को निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। डीएम सविन बंसल ने बताया कि मेरे कार्यभार संभालने से पहले ही बार को अनुमति देने का आदेश जारी हो गया था। जिसका पालन करते हुए होटल के बार को अनुमति दी गई थी। लेकिन नए निर्देशों के अनुसार सभी बार और शराब की दुकानें 11 बजे तक ही खुली रहेंगी। अगर कोई व्यापार स्वामी इसका उल्लंघन करता पाया जाएगा उस पर कड़ी कारवाई की जाएगी। आपको बता दें कि बीते दिनों सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ड्रिंक एंड ड्राइव बना। जिसके कारण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी बार और शराब की दुकानों को समय पर बंद करने के निर्देश आलाधिकारियों को दिए हैं। इस आदेश के बाद रात 11 बजे तक ही शराब की दुकानें और बार खुले रहेंगे।



# गुरुनानक जयंती पर गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा जी में सजा धार्मिक दीवान

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु नानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व पर ग्राम सूरजपुर नंबर एक में गुरुद्वारा सिंघ सभा के नव निर्माणाधीन भवन में





आयोजित गुरमत समागम में शब्द कीर्तन एवं कथा व्याख्यान ,सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत लंगर प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत स्त्री सत्संग की महिलाओं ने शब्द कीर्तन एवं कविता गायन किया । कथावाचक सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के प्रचारक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाश से लेकर उनके जीवन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन करते हुए उनके जीवन एवं शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल करने की अपील की । कार्यक्रम के समापन पर भाई मुख्तियार सिंह द्वारा 15 दिन तक आयोजित की गई प्रभात फेरी, गुरमत समागम एवं सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। वही ग्राम फतेहगंज के गुरुद्वारा साहिब में रात्रि दीवान सजाए गए जिसमें कथावाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा देर रात्रि तक गुरु नानक देव जी का इतिहास वर्णित करते हुए उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का आहवान किया गया। गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा जी निर्मल तखत ग्राम रेवड़ा में आयोजित कार्यक्रम में अखंड पाठ के भोग के उपरांत भाई बलविंदर सिंह के जत्थे द्वारा कविश्री करते हुए गुरु नानक के जीवन पर प्रकाश डाला गया ,भाई सतनाम सिंह द्वारा वाहेगुरू सिमरन जाप करवा कर संगत को शुभकामनाएं प्रदान की गई। कथावाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु नानक देव जी के आदर्शों पर चलने का आवाहन करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। गुरुद्वारा साहिब के प्रमुख सेवादार बाबा बलजीत सिंह द्वारा बच्चों को सुंदर दस्तार सजाकर उत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दूर दराज से आई सैकड़ो की संख्या में संगत ने गुरु दरबार में अपनी आस्था प्रकट करते हुए शीश नवाया और गुरु का लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर ,ग्राम अलख देवा,रतनपुरा, रतनपुरी,गुरु नानकपुर ,गुलरभोज,कनकटा, बलखेड़ा ,मोतीपुर, गोपाल नगर, खेमपुर, रोशनपुर ,चंदनपुर, धौलपुर ,केसरपुर सहित तमाम क्षेत्रों में गुरु देव नानक जयंती पर्व मनाया गया।




# पत्रकार को प्रताड़ित किये जाने पर पत्रकारों में उबाल

## दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की उठायी मांग

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर में विश्वविद्यालय की एक कैंटीन के स्टोर में अश्लील घटना की खबर लिखे जाने पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र वर्मा को कुछ लोगों द्वारा प्रताड़ित किये जाने तथा उनसे संबंधित अखबार की प्रतियां जलाए जाने को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताते हुए क्षेत्र के पत्रकारों ने इस घटना पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया है। पंतनगर प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित बैठक में पत्रकारों ने संबंधति दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मालूम हो कि हाल ही में पंतनगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र वर्मा ने पंतनगर विश्वविद्यालय में एक छात्रवास की कैंटीन के स्टोर की कैंटीन में कार्यरत एक पुरुष एवं महिला को अश्लील हरकतें करते हुए पकड़े जाने से संबंधित घटना की खबर लिखी थी। अखबार में खबर प्रकाशित होने पर घटना में कथित तौर पर लिप्त व्यक्तियों एवं उनके सहयोगियों द्वारा सुरेंद्र वर्मा को निराधार रूप से बदनाम कर प्रताड़ित किये जाने की हरकत की जाने लगी। यही नहीं, नगला क्षेत्र में इन व्यक्तियों द्वारा सुरेंद्र वर्मा का पुतला फूंका गया और उनसे संबंधित अखबार की प्रतियां भी जलाई गयीं। घटना से पत्रकारों के बीच तीव्र रोष फैल गया। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंतनगर में गांधी मैदान में पंतनगर प्रेस क्लब के तत्वावधान और प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पत्रकारों ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताया। बैठक में मौजूद पत्रकार कमल श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, आनंद पाडे, सौरभ गंगवार, उपेंद्र सिंह, असलम कोहरा, सुरेंद्र वर्मा, अंगद सिंह और राम प्रताप सिंह आदि ने पत्रकार सुरेंद्र वर्मा को प्रताड़ित किये जाने, उनकी मानहानि किये जाने तथा उनसे संबंधित अखबार की प्रतियां जलाए जाने की घोर निंदा करते हुए पंतनगर विवि के छात्रावासों में संचालित हो रही कैंटीनों के संचालन में बरती गयी अनियिमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराने, कैंटीन का संचालन कर रहे व्यक्ति को पंतनगर कैंपस से बाहर किये जाने, पत्रकार को प्रताड़ित करने एवं अखबार की प्रतियां जलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग रखी। साथ ही बैठक में महामहिम राज्यपाल, जिला प्रशासन एवं पंतनगर विश्वविद्यालय प्रशासन को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही कर पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग किये जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में अंत में हाल ही में क्षेत्र के पत्रकार राहुल पांडे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



# घुसपैठियों को नहीं बदलने दूंगा देवभूमि की डेमोग्राफी : धामी

## भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में जनसभा में जमकर बरसे सीएम धामी
## हार देखकर तमाम झूठी अफवाहें उड़ा रही कांग्रेस, पोल खुलने से बोलती हो गई बंद

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल के समर्थन में चन्द्रनगर, रूद्रप्रयाग में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने बाबा केदार की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं, जो देवी देवताओं की पवित्र भूमि में आया हूं। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में समर्थन देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा आशा नौटियाल जी ने हमेशा क्षेत्र की सेवा करते हुए यहां बेहतर से बेहतर विकास कार्य किए हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए हमने स्व. शैला रानी जी के सपनों को पूरा करना है। उन्होंने कहा शैला रानी जी के सपनों को आशा नौटियाल पूरा करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का

ानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा केदारनाथ की भूमि से 21वी सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य स्वरूप बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा केदारनाथ की समीक्षा करते हैं। इस क्षेत्र में 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम में को कंट्रोल रूम, अस्पताल, पुलिस थाना, तीर्थ पुरोहितों हेतु आवास, जैसे अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने कई बड़े और कड़े कदम राज्यहित में उठाए हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता का विध ेयक पास कर दिया है, जल्द ही इसे लागू भी किया जाएगा। राज्य में धर्मांतरण कानून, दंगारोधी कानून, नकल विरोधी कानून लागू किया है। राज्य में बीते 3 सालों में 18500



खिलवाड़ करने वाले लोगों को माफ नहीं किया जाएगा और राज्य सरकार जल्द ही भू कानून लेकर आएंगे। कांग्रेस पार्टी चुनाव में अपनी हार को देखकर तमाम झूठी अफवाहें उड़ा रही है। उन्होंने कहा

पास जनता के आशीर्वाद से गिनाने के लिए सैकड़ों उपलब्धियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जब से कांग्रेस की पोल खुली है तब से इनकी बोलती बंद हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2015 में कांग्रेस के मुख्यमंत्री

अंदर लैंड जिहाद, मजारों बनाने वालों को आगे बढ़ाया। कांग्रेस के समय में बनी अवैध मजारों को भाजपा सरकार ने हटाया। हमारी सरकार ने 5 हजार एकड़ जमीन से अवैध कब्जा हटाने का काम किया है। कांग्रेस ने उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदलने वाले घुसपैठियों को भी बसाया है। कई क्षेत्रों में ये घुसपैठिए बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ये कांग्रेस के लाए गए घुसपैठिए हमारी देवभूमि में लैंड जिहाद, थूक जिहाद और लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उनके जीते जी कोई भी घुसपैठिया राज्य की बहन बेटियों के साथ गलत सलूक नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय में वो स्वयं ग्राउंड जीरो में जाकर जनता के साथ खड़े रहते हैं। इस बार भी केदारनाथ में आपदा के दौरान 16

हर साल बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता सनातन धर्म को बीमारी बताते हैं। ये कांग्रेस के नेता एक वर्ग विशेष के वोट के लिए नवरात्रों में मीट खाते हैं। कांग्रेस के नेताओं ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा आशा नौटियाल जी को टिकट देकर भाजपा ने महिलाओं के सम्मान को भी दर्शाया है। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में भी 30 प्रतिशत आरक्षण माताओं बहनों के लिए किया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। कांग्रेस प्रत्याशी बस चुनाव केदारनाथ से लड़ते हैं बाकी हर काम वो इस क्षेत्र के बाहर से करते हैं। उन्होंने जनता से किसी के झांसे में न आकर आने का आग्रह किया। उन्होंने जनता से कांग्रेस को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा







उत्तराखंड से विशेष प्रेम है। प्रधानमंत्री इस भूमि में विराजमान बाबा केदारनाथ जी के बड़े भक्त हैं। केदारनाथ जी से उनकी भक्ति आस्था और प्रेम किसी से छुपा नहीं है। हर अवसर पर प्रधानमंत्री जी बाबा केदारनाथ जी को अवश्य याद करते हैं। प्रध

सरकारी नौकरियां दी गई हैं। राज्य में नकल माफियाओं की कमर तोड़ने का काम जनता के आशीर्वाद से सरकार ने किया है। उन्होंने कहा राज्य में लव जिहाद, लैंड जिहाद और थूक जिहाद पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के साथ

कांग्रेस के विधायक ने विकास कार्य में लगने वाले 6 करोड़ रुपए सरकार को वापस कर दिए। यह आकड़ा उनकी विकास के प्रति सोच को दर्शाता है। कांग्रेस के पास विकास के नाम पर एक भी उपलब्धि नहीं है। भाजपा सरकार के

ने मुंबई में बद्रीनाथ मंदिर का शिलान्यस किया था। अब वो इस मुद्दे से बच रहे हैं। अगर कांग्रेसियों में शर्म बची है तो तत्कालीन मुख्यमंत्री और बीकेटीसी के अध्यक्ष को जनता के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने उत्तराखंड के

हजार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई राज्य सरकार ने की है। 2013 आपदा में कांग्रेस सरकार ने जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया। मुख्यमंत्री ने कहा केदारनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा

नौटियाल, विधायक भरत चौधरी विधायक महंत दिलीप रावत, विधायक शक्ति लाल शाह, विधायक भोपाल राम टम्टा, चंडी प्रसाद भट्ट, अनिल नौटियाल, श्रीमती ऐश्वर्या रावत आश्रय, दिनेश नौटियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल छात्र की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीते दिनों मुखानी थाना क्षेत्र में दो स्कूटी के मध्य आमने-सामने हुई भिडंत में घायल 10वीं के छात्र की गत दिवस उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। बताया जा रहा कि हादसे में छात्र के सिर में गंभीर चोट लगी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र निवासी देवपुर देवपा बच्चीनगर निवासी पूरन सिंह भाट परिवार के साथ रहते हैं उनके दो बेटे व एक बेटी है। बड़ा बेटा पंकज फौज में हैं जबकि लड़की की शादी हो चुकी है और सबसे छोटा 14 वर्षीय प्रवीण भाट फतेहपुर स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 10वीं का छात्र था। 10 नवंबर की शाम करीब छह बजे प्रवीण बिना बताए स्कूटी लेकर घर से चला गया था कुछ देर बाद पता चला कि उसकी स्कूटी कमलुवागांजा के पास दूसरी स्कूटी से भिड़ गई है और प्रवीण के सिर पर गंभीर चोटे आई है। आनन-फानन में परिवार वाले उसे कालाढूंगी रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए यहां प्रवीण के सिर में गंभीर चोट होने के चलते ऑपरेशन ऑपरेशन किया गया। लेकिन हालत में उसकी हालत में सुधार नहीं आया। जिसके बाद उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान प्रवीण की मौत हो गई। प्रवीण की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# आज रात्रि शीतकाल के लिए बंद होगे बदरीनाथ धाम के कपाट

चमोली। रविवार की रात नौ बजकर सात मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इससे पूर्व भगवान बदरीनाथ का फूलों से शृंगार किया जाएगा। वहीं, रावल स्त्री वेष धारण कर माता लक्ष्मी की सखी बनकर उन्हें बदरीनाथ के गर्भगृह में विराजमान करेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद करने की प्रक्रिया भी अनूठी है। भगवान बदरीनाथ का छह माह तक आभूषणों से शृंगार किया जाता है, लेकिन कपाट बंद होने के दिन फूलों से शृंगार किया जाता है। सुबह ब्रह्म मुहूर्त पर चार बजे मंदिर खुलेगा। पूर्व की भांति साढ़े चार बजे अभिषेक पूजा होगी और दिन का भोग पूर्व की भांति लगेगा। मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करते रहेंगे। साथ ही मंदिर को दिन में बंद नहीं किया जाएगा। अपराह्न छह बजकर 45 मिनट पर सायंकालीन पूजा शुरू होगी। सात बजकर 45 मिनट पर रावल अमरनाथ नंबूदरी स्त्री वेष धारण कर माता लक्ष्मी को बदरीनाथ मंदिर में प्रवेश कराएंगे। सभी देवताओं की पूजा अर्चना व आरती के बाद उद्धवजी व कुबेरजी को गर्भगृह से बाहर लाया जाएगा।रात आठ बजकर 10 मिनट पर शयन आरती होगी। उसके बाद कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। माणा गांव की महिलाओं द्वारा तैयार घृत कंबल ओढ़ाकर और अखंड ज्योति जलाकर रात ठीक नौ बजकर सात मिनट पर भगवान बदरीनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। उद्धव, कुबेर व आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी सोमवार सुबह पांडुकेश्वर के योग बदरी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। कुबेर व उद्धव की मूर्तियों को योग बदरी पांडुकेश्वर में विराजमान किया जाएगा। अगले दिन आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी ज्योतिर्मठ स्थित नृसिंह मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी।

# डीएम ने किया सितारगंज चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ

सितारगंज (उद संवाददासता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने शनिवार को पूजा पाठ कर सितारगंज चीनी मिल पेराई सत्र 2024, 25 का शुभारम्भ किया । जिलाधिकारी ने कहा कि आज का दिन विषेश रूप से किच्छा, सितारगंज, खटीमा और पीलीभीत के लगे हुए गांव

एवं मा0 गन्ना मंत्री जी का यह बहुत बड़ा निर्णय है, कि नये मॉडल पर बने चीनी मिल को पीपीडी मोड पर दिया गया है। उन्होने कहा कि इसे बनने में लगभग 8-9 महीने का समय लगा। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि यह चीनी मिल प्रतिदिन लगभग 6 हजार टन

22 मेगावाट विद्युत का भी उत्पादन इसमें होगा, जो विद्युत बचेगी वह निकट के फीडर में सप्लाई की जायेगी, जिससे आसपास के क्षेत्र व गांवों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होने बताया कि यह कार्य जेजीएम शुगर कम्पनी के द्वारा किया गया हैं। उन्होने बताया कि अप्रैल

था। उन्होने बताया कि उक्त कम्पनी द्वारा जो नया प्लांट स्थापित किया है उसकी लागत लगभग 450 करोड़ है। उन्होने कहा कि यह चीनी मिल इस जनपद व प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, और जो गन्ना किसान है विशेष कर किच्छा, सितारगंज, खटीम क्षेत्र के

के प्रबन्ध निदेशक नवीन झॉजी एवं आदित्य झॉजी ने किसानों को दी जा रही गन्ना प्रोत्साहन सुविधाओ के बारे में अवगत कराया कि चीनी मिल द्वारा गन्ना बुआई हेतु गन्ना बीज, खाद, प्रेस मड आदि उपलब्ध कराया जा रहा है तथा चीनी मिल द्वारा गन्ने का भुगतान गत वर्ष

एवं उत्पादन वाली गन्ने की प्रजाति लगायें ताकि चीनी मिल को भरपूर मात्रा में गन्ना मिल सके तथा किसानों को आर्थिक लाभ के साथ साथ क्षेत्र का विकास हो सकें।कार्यक्रम में अध्यक्ष सर्वधर्म समिति सरदार जहांगीर सिंह ने सितारगंज चीनी मिल संचालित करने के लिए माननीय







है उनके लिए बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि सितारगंज चीनी मिल जो बहुत पहले किन्ही कारणों से बन्द हो गई थी आज उसी स्थान पर नयी चीनी मिल स्थापित हो गई है जिसका आज शुभारम्भ हुआ है जो हम सबके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का

गन्ने की पिराई करेगा जबकि पिछली चीनी मिल की क्षमता 2 हजार 5 सौं टन प्रतिदिन पिराई की थी। उन्होने बताया कि इस आधुनिक चीनी मिल की क्षमता पिछली चीनी मिल से दोगुनी से भी अधिक है। उन्होने कहा कि उक्त आधुनिक चीनी मिल में एथनोल प्लांट भी साथ में काम करेगा और इसी के साथ

2023 में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त कम्पनी के साथ पीपीडी मोड पर देने की आवश्यक कार्यवाही की गई थी। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष उक्त कम्पनी ने पुरानी चीनी मिल पर गन्ना पिराई किया था जिसमें कम्पनी के द्वारा सभी गन्ना किसानों को 15 दिन के भीतर ही गन्ने का भुगतान कर दिया

किसानों ने पहले गन्ने की मूल्य को लेकर गन्ने की बुआई भी कम कर दी थी किन्तु अब किसान गन्ने की बुआई की ओर बढ़े है जो ही कैश क्रॉप है। उन्होने बताया कि गन्ने की पिराई और उसका भुगतान समय से होगा जिससे निश्चित ही गन्ने की बुआई को क्षेत्रफल बढ़ेगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी।शुगर मिल

की भाँति इस वर्ष भी नियमानुसार त्वरित गति से किया जायेगा। प्रबन्ध निदेशक द्वारा आश्वस्त किया कि चीनी मिल प्रबन्धन किसानों के हितों के लिए दिन रात कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ा है। प्रबन्ध निदेशक ने किसानों एवं किसान प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक उच्च शर्करा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार व जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया तथा जिलाधिकारी को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, वीसी जय किशन , अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित किसान, मिल कर्मचारी मौजूद थे।

# भूमिधरी अधिकार के लिए संघर्ष का किया ऐलान

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। दमुआदूँगा के निवासियों ने भूमिधरी के अधिकार को लेकर संघर्ष करने का ऐलान कर दिया है। आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि दमुआदूँगा वर्ष 1952 से बसा चला आ रहा है। जहां आज तक लगभग 7000 परिवार बसे हुए हैं। वर्ष 1965 में धारा 20 भारतीय वन अधिनियम में 655 ऐकड़ भूमि को वन क्षेत्र की अधिसूचना जारी की गई जिसे क्षेत्रवासी नित्यानंद भट्ट द्वारा न्यायिक प्रक्रिया द्वारा चुनौती दी गई। जिसमे निचली अदालत से सर्वोच्च न्यायालय तक मुकदमा लड़ा गया और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वन विभाग की एसएलपी खारिज की एवं क्षेत्र को आरक्षित वन क्षेत्र से मुक्त किया। जिसके बाद नित्यानंद भट्ट जो 8 एकड़ भूमि के कब्जेदार थे एवं उनके द्वारा घृत भूमि का विनियमितिकरण करा लिया गया। इसके उपरांत पुनः वर्ष 1993 मै धारा 4 भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत 643 एकड़ भूमि के संबंध मै पुनः अधिसूचना जारी कर उक्त क्षेत्र को वन क्षेत्र घोषित करने हेतु प्रक्रिया जारी की गई। जबकि भारतीय वन अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत जारी अधिसूचना को अविधिक घोषित करते हुए निरस्त किया जा चुका था। उन्होंने बताया कि जिसके उपरांत तत्कालीन काँग्रेस शासित सरकार द्वारा उत्तराखंड जमींदारी विनाश एवं भू-सुधार अधिनियम 1950 की धारा 2 के अंतर्गत एक संशोधन 30 नवंबर 2016 को किया गया और उत्तराखंड अधिनियम संख्या 25/2016 माध्यम से धारा 2 उप धारा 4 प्रतिस्तापित की गई। तदोउपरांत अधिसूचना संख्या 2369/गटप्प्(2)/2016-2(5) /2016 दिनांक 26.12.2016 जारी कर उत्तराखंड जमींदारी विनाश एवं भू-सुधार अधिनियम 1950 की धारा 2 की उप धारा 4 में अंतर निहित शक्तियों का प्रयोग करते



हुए राज्यपाल द्वारा जनपद नैनीताल की तहसील हल्द्वानी के दमुआदूँगा अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र से अनारक्षित वन क्षेत्र भूमि पर उक्त अधिनियम की पूर्ति हेतु प्रसार किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई एवं 26.12.2016 द्वारा उक्त ग्राम दमुआदूँगा के अवेध कब्जेदारों को धारा 131 जमींदारी विनाश उन्मूलन अधिनियम के अंतर्गत असंक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर घोषित किया गया। उक्त अधिसूचनाओ के अनुपालन में वर्ष 2016 को विहित प्रक्रियाओ को प्रारंभ कर सर्वेक्षण एवं अभिलेख की प्रक्रिया आरंभ की गई किन्तु वर्तमान सरकार द्वारा दमुआदूँगा वासियों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रुख अपनाते हुए 4 वर्षों में भी सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण नही किया गया तथा वर्ष 2020 में सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रियाओं के कार्य को बंद कर दिया गया। जिसमें शासनादेश द्वारा 1/3 भू-भाग कृषि ना होने के कारण भू-राजस्व अधिनियम की धारा 48 का जिक्र कर विहित प्रक्रिया को रोक दिया गया। जबकि विधिक तौर पर ऐसी स्तिथि में 39 भू- राजस्व अधिनियम के अंतर्गत कलेक्टर को जिम्मेदारी निहित हो जाती है और किसी अन्य प्रक्रियाओ के माध्यम से पारित कानून का अनुपालन करवाया जाना आवश्यक हो जाता है। जिसके विपरीत विगत 8 वर्षों से शासन एवं प्रशासन द्वारा अपनी जिम्मेदारियों से दूर होकर उपरोक्त पारित कानून के विपरीत कार्य कर समस्त क्षेत्र की जनता को उनके समस्त मूल विधिक अधिकारो से दूर रखा गया है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा मालिकाना हक दिए जाने के बावजूद आज 8 वर्षों बाद भी संशोधित कानूनों पर अमलीजामा नही पहनाने तथा इसके विपरीत अविधिक घोषणाए करके मुख्यमंत्री जनता में भ्रम की स्तिथि पैदा कर रहे है। सरकार द्वारा 8 वर्षों से पारित कानूनों का अनुपालन नहीं करने से जनता के विधिक एवं मूल अधिकारों का हनन हो रहा है जिससे जनता में आक्रोश है और दमुआढूंगा निवासी सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य है। प्रेसवार्ता मे प्रकाश पांडे, महेशानंद, हरीश लाल वैध, मन्नू गोस्वामी, जगदीश भारती, लाल सिंह पवार, जीवन गोस्वामी, राजेन्द्र सिंह राणा, चंदन गोस्वामी, कृष्ण कुमार, संजय जोशी, बबलू बिष्ट, राजकुमार जोशी, आनंद बिष्ट, जीवन बिष्ट, दीपा टम्टा, सीमा लोहानी आदि मौजूद रहे।

## भूतपूर्व भाजपा नेता विरेन्द्र सामंती के पिता का निधन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भूतपूर्व मण्डी समिति चेयरमैन स्वर्गीय विरेन्द्र सामंती के पिता प्यारा सिंह का आज सुबह निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। 85 वर्षीय प्यारा सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। आज सुबह बगवाड़ा स्थित निवास पर उनका निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। बता दें तीन वर्ष पूर्व भाजपा नेता विरेन्द्र सामंती का 16 नवम्बर 2021 को सड़क हादसे में निधन हो गया था। 17 नवम्बर को उनकी अंतिम संस्कार हुआ था। उनके पिता प्यारा सिंह का अंतिम संस्कार भी आज इसी तिथि को हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी शव यात्रा में शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

खटीमा। पुलिस ने शुक्रवार को 307 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया गया। पुलिस को एक युवक के नशीली सामग्री लेकर सितारगंज से खटीमा आने की सूचना मिली थी। इस पर कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने टीम गठित कर पहेनिया चौराहे के पास भेज दी। टीम ने सितारगंज की ओर से आ रही कार को रोककर तलाशी ली। इस पर कार सवार नकटपुरा सितारगंज निवासी यूसुफ बेग के पास से 307 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। उसकी कार भी सीज कर दी। यूसुफ लंबे समय से अफीम की तस्करी में लिप्त था। टीम में एसएसआई विनोद जोशी, एसआई किशोर पंत, एसआई विजय बोहरा, आरक्षी कमलपाल, दीपक विश्वकर्मा, किशन आर्या शामिल थे।

## आरएएन में बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन पब्लिक स्कूल में बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता फैलाना था। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए हुआ। उन्होंने अपने विचार साझा किए और बाल अधिकारों की रक्षा में शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित अतिथिगण डॉ. सिंह, अतिरिक्त विकास के लिए खेलकूद में रुचि बढ़ाने के लिए उत्साहित किया, श्रीमती आशा नेगी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिन्होंने बाल अधिकारों पर अपनी महत्वपूर्ण दृष्टि साझा की। ए.एन. झा स्कूल के प्रधानाचार्य दया शंकर पांडे को के अंत में, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। साथ ही, प्रिंसिपल श्रीमती भावना भानोट ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी उपस्थितजनों का आभार





इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और बच्चों के कल्याण में शिक्षा और समुदाय की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी भाग लिया और इसे सफल बनाया। कार्यक्रम का आरंभ प्रिंसिपल श्रीमती भावना भानोट द्वारा सीएमओ ने खान बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए अपने खान-पान पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती व्योमा जैन ने बच्चों को सोशल मीडिया पर सोच समझकर पोस्ट डालने के लिए कहा एवं पोक्सो के नियमों के बारे में बताया नशे की बुरी आदत से दूर रहने और अपने सर्वांगीण बच्चों के हितैषी शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती गीता खन्ना ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी विशेषज्ञता व विचार साझा करते हुए सभी को लाभान्वित किया।कार्यक्रम व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को बाल अधिकारों के बारे में जागरूक करना था, जिसमें शिक्षा, सुरक्षा और शोषण से मुक्ति के अधिकार शामिल हैं। वक्ताओं ने स्कूलों की भूमिका पर जोर दिया कि वे बच्चों को एक सुरक्षित और पोषक वातावरण प्रदान करें।

## पीपलपानी में गया था परिवार ,चोरों ने खंगाला घर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना क्षेत्र में परिवार के साथ दिवंगत सास के पीपलपानी में गए व्यक्ति के घर घुसे चोरों ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात, हजारों की नगदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है। काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवादूंगा में वार्ड-37 मल्ला चौपुला निवासी किशन राम ने काठगोदाम थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 13 नवंबर को अपनी दिवंगत सास के पीपल पानी में शामिल होने के लिए परिवार के साथ पैतृक गांव पल्यौड़ा, सोमेश्वर गए हुए थे। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फोन करके उनके घर का चौनल और दरवाजे खुले होने की जानकारी दी। जिस पर तत्काल हल्द्वानी के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि यहां घर पहुंचकर देखा तो कमरों में सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा



था। किशन राम का कहना है कि अज्ञात चोर कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर यहां से दस हजार रुपये की नगदी के अलावा सवा तोला सोना, एक तोले के गलोबंद, दो सोने की नथ, चार मंगलसूत्र, एक कर्णफूल, नाक की रिंग, एक अंगूठी, चांदी की पाजेब चोरी कर ले गए हैं। इसके अलावा दो गैस सिलेंडर, एक एलसीडी, बारह हजार रुपये की कीमत की घड़ी भी चोर ले गए। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि रैकी करने के बाद ही उनके घर से चोरी हुई है। आरोप लगाया कि जिसने भी चोरी की है, उसे यह मालूम था कि हम गांव जाने वाले हैं। पीड़ित ने पुलिस ने मामले में जांच कर चोरी हुआ सामान वापस दिलाने की मांग की है। काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आस पास लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## विवाह समारोह संघर्ष समिति ने प्रशासन के नियमों का किया समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विवाह समारोह संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर प्रशासन के साथ हुई बैठक में प्रशासन द्वारा विवाह समारोह में आयोजित नियम का समर्थन करते हुए कहा कि विवाह समारोह से संबंधित व्यापारी 12 बजे के बाद भोजन नहीं परोसेंगे। उन्होंने कहा कि सुबह से तैयार भोजन को देर रात्रि तक परोसने से फूड पॉयजनिंग का खतरा बना रहता है और कर्मचारियों को भी आराम नहीं मिल पाता। देरी की प्रमुख वजह देर रात्रि वधु पक्ष के घर बारात पहुँचना कारण माना गया। इसलिए प्रशासन की बैंड बाजे को भी 10 बजे रात्रि तक ही सेवा देने पर सहमति बनी। जिसका समस्त बैंड बाजे वालों ने समर्थन किया। विवाह समारोह संयुक्त संघर्ष



समिति द्वारा आम जनता से भी अपील की है कि उक्त नियमों को व्यवहारिक रूप से पालन करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें। जिससे आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी ना हो और जिनके घर पर वैवाहिक कार्यक्रम हो समय से निर्विघ्नता पूर्व समारोह सम्पन्न हो। बैठक में संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक नवीन पांडे सन्नू, सह संयोजक रूपेंद्र नागर, प्रवक्ता हर्ष वर्द्धन पांडे, बैंकट हाल अध्यक्ष धीरज पांडे, संरक्षक प्रकाश भट्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, गोपाल भट्ट, विमल तौलिया, बैंड एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. उस्मान उपस्थित रहे

## आयुक्त रावत ने दिव्यांग पिंटू को दिलवाया नया ई रिक्शा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने जनसुनवाई की। जिसमें अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सम्पर्क मार्ग, आदि से सम्बन्धित आई। जनता दरबार में एक धोखाधड़ी का मामला आया। जिसमें गांधीनगर निवासी दिव्यांग पिंटू सागर ने बताया कि उसने





सितम्बर 2023 में केके एंटरप्राइजेज से ई रिक्शा लिया था। जिसमें शिकायत आने पर फरवरी 2024 में मरम्मत के लिए इंटर प्राइजेज में ही दिया गया। किंतु उनके द्वारा रिक्शा किसी अन्य को बेच दिया गया। पिंटू ने बताया कि उसने अपने परिवार के भरण पोषण के लिए ई रिक्शा लिया था। वहीं उनकी आय का भी जरिया था। अब उनके आगे परिवार के भरण पोषण का संकट है। इसकी शिकायत जब आयुक्त से की तो उन्होंने शिकायत का संज्ञान लेते हुए दोनों को मौके पर तलब किया। जहां इंटर प्राइजेज के स्वामी ने अपनी गलती मानते हुए मौके पर पिंटू सागर को नया रिक्शा दिया। पिंटू सागर और उनके परिवार ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग ने बताया कि लगभग 69.77 लाख की लागत से एनपीसीसीएल द्वारा कॉलेज में निर्माण कार्य किया गया। प्रथम बरसात में ही छत टपकने की समस्या के संबंध में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कार्यदाई संस्था को एक माह के अंदर छत की मरम्मत के निर्देश दिए।साथ ही दो दिन तक छत में पानी भरकर छत की जांच करने को कहा।ज्ञानेश्वर कॉलोनी देवल चौड़ निवासियों ने अपनी कॉलोनी के आवागमन हेतु 12फीट का रास्ता जो कि रजिस्ट्री में लिखित है, दिलाने का अनुरोध किया

## वॉलीबॉल में सिटी कॉन्वेंट की बालिका टीमों ने लहराया परचम

खटीमा(उद संवाददाता)। सिटी कॉन्वेंट स्कूल में खेल महाकुंभ की विकासखंड स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष रामू जोशी,विद्यालय के संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय,प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय,प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, खेल समन्वयक नीरज सक्सेना तथा अन्य उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। समस्त आयु वर्गों में सिटी कॉन्वेंट की बालिका वर्ग की टीमों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंडर 14, अंडर 17 तथा अंडर 20 में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया । विद्यालय की अंडर 20 की बालक वर्ग टीम ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कांस्य पदक प्राप्त किया। मुख्य अतिथि रामू जोशी ,विधायक गोपाल सिंह राणा ,ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ,रवीश भटनागर द्वारा विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा की विद्यालय शिक्षा के साथ साथ खेलो में भी अपना परचम लहरा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए टीमों के कोच तथा शिक्षा विभाग से आए अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# दिल्ली में प्रदूषण का संकट

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की हवा हर अगले वर्ष जिस हालत में जा रही है, उससे साफ है कि यहां इस समस्या पर काबू पाने के सरकारी दावे सिर्फ हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रदूषण एक बार फिर इस स्थिति में पहुंच चुकी है कि यह न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय चिंता का भी विषय बन गया है। पिछले दिनो समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा और जहरीली हो गई और लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े चार सौ के पास यानी ‘गंभीर’ श्रेणी में दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अजरबैजान के बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में भी दिल्ली के प्रदूषण के मसले पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की। यह स्थिति तब है, जब इस मौसम में यानी ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली के ज्यादातर लोगों को हर वर्ष धुंध, धुएं की चादर और हवा में विषाक्त तत्त्वों के घुलने की वजह से बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली में लगातार यही तस्वीर बनी हुई है कि दिवाली और ठंड की आहट के साथ ही प्रदूषण इस कदर बढ़ने लगता है कि कई स्तरों पर आम जनजीवन तक बाधित होने लगता है। एक ओर वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से हवा ऊपर नहीं उठ पाती, दूसरी ओर ज्यादातर लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों में से वैसे काम कम से कम कुछ दिन रोक देना जरूरी नहीं लगता, जिसकी वजह से हवा में प्रदूषण तत्त्व घुल जाते हैं। हालांकि इसका खमियाजा उन्हें ही उठाना पड़ता है। अब एक बार फिर हालत हो चली है कि दिल्ली में सरकार को ‘ग्रैप 3’ स्तर की पाबंदियां लगानी पड़ी है। इसके तहत कई स्तर पर निर्माण कार्यों पर रोक के साथ-साथ वैसे वाहनों को यहां चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिनसे प्रदूषण की समस्या गहराने की आशंका हो। पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए फिलहाल स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं, हालांकि उनकी आनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। सवाल है कि जब हर वर्ष इन महीनों के दौरान दिल्ली में यह स्थिति पैदा हो जाती है तब सरकार को समय रहते पहले से ऐसे इंतजाम करना जरूरी क्यों नहीं लगता, जिससे अचानक ही आपात स्थिति की तरह प्रदूषण की रोकथाम के उपाय करने या विशेष नियम लागू करने की जरूरत पड़ जाती है। आखिर कृत्रिम वर्षा तक की जरूरत बताने की नौबत क्यों आती है? यह समस्या बढ़ कर अब संकट की शक्ल ले चुकी है, मगर सरकार को अब भी दिल्ली की हवा में जहर घुलने के कारकों की ठीक-ठीक पहचान करना और उस पर काबू पाने के लिए पूर्व-इंतजाम करना जरूरी नहीं लगता है। बहुत सारे लोगों के बीच सुविधाओं के इस्तेमाल को लेकर जितनी सक्रियता दिखती है, उतनी ही संवेदनशीलता स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए प्रदूषण पर काबू रखने में अपनी सहभागिता को लेकर नहीं दिखाई देती। पराली जलाने और निर्माण कार्य जैसी गतिविधियों को कुछ समय के लिए अपनी ओर से टाला जा सकता है। निजी वाहनों और कार्बन पैदा करने वाली अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल सीमित किया जा सकता है। हालांकि अगर अगले कुछ दिनों में हवा चली तो प्रदूषण में कमी आ सकती है, लेकिन समय रहते इस संकट से निपटने को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वक्त में कई तरह की जटिल स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

# हमें अपने प्राचीन अध्यात्म ज्ञान की ओर लौटना होगा: धस्माना

## प्राचीन भारतीय अध्यात्म ज्ञान और वर्तमान तंत्रिका विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

देहरादून( उद संवाददाता) ।नवंबर। स्वामी राम विश्वविद्यालय, जॉली ग्रांट, देहरादून में प्राचीन भारतीय अध्यात्म ज्ञान और वर्तमान तंत्रिका विज्ञान पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आज शनिवार को शुरू हो गई। मुख्य अतिथि स्वामी राम विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ विजय धस्माना, कुलपति राजेंद्र डोभाल, विश्वविद्यालय के अकादमी एवं विकास केंद्र के महानिदेशक डॉ विजयेंद्र डी चौहान, रामकृष्ण मिशन चौरिटेबल हॉस्पिटल मुंबई के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट स्वामी डॉ. दयाधीपानंद महाराज, ऋषिकेश एम्स की निदेशक डॉ. मीनू सिंह, कॉन्फ्रेंस की आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.दीपक गोयल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी राम विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि डॉ. विजय धस्माना ने कहा कि हमें अपने अध्यात्म ज्ञान की ओर फिर से वापस लौटना होगा। जिससे ही हमारी सभी बीमारियों का निदान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आज हम अपनी जड़ों को भूल गए हैं। इसलिए कई समस्याएं हमारे सामने जटिल बनकर खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोगों ने योग को व्यापार बना दिया है। और ऐसे लोग योग और ध्यान के नाम पर लोगों को डरा रहे है। तभी समाज में अनेक विसंगतियां पैदा हो रही है। प्राचीन भारतीय अध्यात्म ज्ञान के रहस्यों को उजागर करते हुए डॉ. धस्माना ने कहा कि मनुष्य की मृत्यु के साथ-साथ बुद्धि और अहंकार मर जाएगा परंतु चित्त बच जाएगा। इसीलिए योग द्वारा चित्त की विकृतियां का शमन करना आज के युग



की जरूरत है। स्वामी डॉ. दयाधीपानंद महाराज ने कहा कि योग सभी बीमारियों का निदान है। हमें अपने जीवन में योग, अध्यात्म और ज्ञान को ध्यान को नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। एम्स ऋषिकेश की निदेशक मीनू सिंह ने कहा कि गीता में हमें कर्म योग,राज योग बारे में बताया गया है जो हमारे जीवन की सभी कठिनाइयों निदान करता है। भारतीय अध्यात्म ज्ञान बहुत समृद्ध है। विश्वविद्यालय के कुलपति राजेंद्र डोभाल ने कहा कि भारत का प्राचीन अध्यात्म ज्ञान बहुत समृद्ध हैं जो हमें जीवन जीने की पद्धति को सीखता है। विश्वविद्यालय के अकादमी एवं विकास केंद्र के महानिदेशक डॉ.विजयेंद्र डी चौहान ने कहा कि हम सब के आदर्श और प्रेरणादायक स्वामी राम ने हमें कई साल पहले आध्यात्मिक की शक्ति का आभास कराया था। उन्होंने प्राचीन भारतीय अध्यात्म और तंत्रिका विज्ञान पर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस करने पर मुख्य आयोजक तंत्रिका विज्ञान के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ दीपक गोयल को साधुवाद दिया। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के मुख्य आयोजक और तंत्रिका विज्ञान के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. दीपक गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जो देश अपनी संस्कृति और भाषा को भूल जाता है, वह कभी तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और भाषा को भूलती जा रही है। जो चिंता का विषय है। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपनी संस्कृति और भाषा को दिल खोल कर अपनाने की अपील की। डॉ दीपक गोयल ने कहा कि स्वामी राम की यह तपस्थली इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पूरे विश्व में प्राचीन भारतीय अध्यात्म ज्ञान के माध्यम से आधुनिक तंत्रिका विज्ञान को एक नई दिशा देगी। उन्होंने सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर को सम्मानित किया। कॉन्फ्रेंस के आयोजक समिति के संयोजक डॉ. अश्विनी भट्ट ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ और रुद्राक्ष की माला भेंट कर स्वागत किया और आभार जताया। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष गोयल, संयोजक डा. निक्कू यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से अध्यात्म और तंत्रिक विज्ञान के 200 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय स्तर विशेषज्ञों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में अमेरिका से आए डॉ जॉन क्लार्क ने भारतीय आध्यात्मिक विज्ञान के माध्यम से न्यूरो से पीड़ित मरीज को ठीक करने की विधि बताई। वे अमेरिका में इस विधि से कई मरीज को लाभ पहुंचा चुके हैं। इस अवसर पर हिमालय हॉस्पिटल जॉली ग्रांट के मेडिकल सर्विसेज के डायरेक्टर डॉ. हेमचंद्रा, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ . अशोक देवराडी, यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के डॉ नवीन, माउंट आबू राजस्थान से आई शांति दूत बिन्नी सरीन ने अपने विचार रखें। और भारतीय प्राचीन आध्यात्मिक ज्ञान और वर्तमान तंत्रिका विज्ञान के बारे में प्रकाश डाला। नेशनल मेडिकल कमीशन के अध्यक्ष प्रोफेसर बीएन गंगाधर ने वर्चुअल (आभासी) माध्यम से कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भारतीय प्राचीन अध्यात्म और वर्तमान तंत्रिका विज्ञान के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रिया सिंह ने किया। गुरु वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई और राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पिथौरागढ़ में चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे मोहन भागवत

पंतनगर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सरसंघ चालक डॉ. मोहन मधुकर राव भागवत शनिवार की शाम इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से दिल्ली से पंतनगर पहुंचे। यहां उन्होंने अल्पाहार लिया और 20 मिनट बाद सड़क मार्ग से चंपावत के लिए रवाना हो गए, जहां से वह पिथौरागढ़ जाएंगे। इस दौरान मीडिया को दूर रखा गया। डॉ. भागवत सीमांत जिले पिथौरागढ़ में चार दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। साथ ही वह सभी जिला प्रचारकों व वरिष्ठ प्रचारकों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके अलावा वह जनमानस के साथ वर्तमान की शाखा मिलन व मंडली संघ कार्य के विस्तार के साथ ही पंच परिवर्तन स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर भी चर्चा करेंगे।

# जीटीसीसी टीम ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची और यहां आयोजित होने वाले खेलों की तैयारियों को परखा। टीम ने कार्यदाई संस्था और खेल अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कई निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय खेलों की साइकिलिंग, फेंसिंग, हैंडबॉल और वॉलीबाल की स्पर्धाएं रुद्रपुर में प्रस्तावित हैं। ऐसे में आज गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी ने मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान स्टेडियम में 23 करोड़ की लागत से बने साईकिलिंग ट्रैक को भी देखा। गौरतलब हो कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को परखने के लिए राष्ट्रीय खेल की जीटीसीसी टीम बनाई है। इसमें टीम की अध्यक्ष सुनैना कुमारी के साथ ही रविंद्र चौधरी, साइरस पुंछा, मनिंद्रपाल



सिंह, कमलेश मेहता, एसपी देशवाल, प्रशांत कुशवाहा, दिग्विजय सिंह और हरजिंदर सिंह को सदस्य बनाया है। ओलंपिक संघ की यह जंबो टीम उत्तराखंड के दो दिनी दौरे पर है। शनिवार को टीम ने हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून में खेल की तैयारियों का जायजा लिया। आज टीम देहरादून से हेलिकॉप्टर से सीधे रुद्रपुर पहुंची। यहां स्टेडियम में बने वेलोड्रम में होने वाली साइकिलिंग का निरीक्षण किया। यहां टीम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, आने-जाने और ठहरने आदि की सुविधा को भी परखा। साथ ही मल्टी परपज हाल में होने वाले वॉलीबाल और हैंडबाल की तैयारियों का भी विधिवत निरीक्षण किया। तुम ने यहां वॉलीबॉल व हैंडबॉल खेलों के लिए विद्युत व्यवस्था में सुधार करने की कहा ताकि खेल के दौरान खिलाडियों को तेज रोशनी से बाधा न हो। उन्होंने हॉल में आगे की लाइन वीआइपी के लिए आरक्षित करने और मीडिया कर्मियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीके सिंह, जनरल सेक्रेटरी ओलंपिक संघ आदि मौजूद रहे।

# नादेही चीनी मिल में पेराई सत्र शुरू

जसपुर( उद संवाददाता)। जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में दी किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड नादेही उधम सिंह नगर के नए पराई सत्र 2024 25 का विधिवत शुभारंभ रविवार 17 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम में जयपुर विधायक व प्रधान प्रबंधक चंद्र सिंह इमलाल ने विधि विधान से पूजा



अर्चना की। उन्होंने फीता काटकर तौल कांटे को शुरू किया तथा गन्ना डालकर कन्वेयर बेल्ट को चालू किया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने बताया कि आज पिराई सत्र का शुभारंभ किया गया है तथा कल से विधिवत तौल शुरू हो जाएगा। इस दौरान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व विधायक जसपुर डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल, नवनियुक्त प्रधान प्रबंधक चीनी मिल चंद्र सिंह इमलाल, जनप्रतिनिधि गण, चीनी मिल कर्मचारी, कृषकगण व अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

# वेद भारतीय ज्ञान परंपरा की नींव:राज्यपाल

देहरादून/हरिद्वार( उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हरिद्वार के कनखल में आयोजित अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन-2024 में प्रतिभाग किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें देश के 14 राज्यों से चारों वेदों की 10 शाखाओं के विद्वान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने वेदों के विशिष्ट विद्वानों को सम्मानित किया और परिसर में लगी वेदों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वेदों का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि वेद भारतीय ज्ञान परंपरा की नींव हैं। इनमें वर्तमान और भविष्य की सभी चुनौतियों का समाधान छिपा है। वेदों का अध्ययन करने वाला व्यक्ति समाज का सच्चा मार्गदर्शक बनता है। वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू को




प्रकाशित करने वाली ज्ञान की ज्योति हैं। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड को वेदों और वैदिक शिक्षा की पावन भूमि बताते हुए कहा कि यह ऋषियों और संतों की साधना स्थली रही है। यहाँ हजारों वर्षों से वेदों का पठन-पाठन होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम वेदों के अमूल्य ज्ञान को पूरी मानवता तक पहुंचाएं और नई पीढ़ी को इससे जोड़ें। देवभूमि का हर कण ऋषि-मुनियों की तपस्या और ज्ञान से ओतप्रोत है। राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति के अद्वितीय इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी जड़ें वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण और पुराणों में हैं।राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन वेदों के अध्ययन और उनके महत्व को समझने में जनमानस की रूचि बढ़ाएगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और सशक्त बनाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी श्री विश्वेश्वरानंद गिरी जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के सचिव प्रो. विरूपाक्ष वी. जड्डीपाल, पूर्व सचिव प्रो. किशोर मिश्र, जिलाधिकारी हरिद्वार कमेंद्र सिंह, एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल, और कई विद्वान उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने किया वैली ऑफ वर्ड्स की स्मारिका का विमोचन

देहरादून( उद संवाददाता) ।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में वैली ऑफ वर्ड्स द्वारा आयोजित स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में इसके पहले संस्करण वॉवल्स का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल साहित्य और संस्कृति का उत्सव नहीं है, बल्कि विचारों और



दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान का एक प्रभावशाली मंच भी है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया और इंटरनेट ने सूचनाओं को सर्वसुलभ तो किया है, लेकिन लोगों को किताबों से दूर भी किया है। इस अवसर पर वैली ऑफ वर्ड्स साहित्य एवं कला उत्सव के निदेशक संजीव चोपड़ा, डॉ. राजेन्द्र डोभाल, ले. ज. पीजेएस पन्नू (रि.), सतीश शर्मा ज्योति धवन, यर्वशिका चोपड़ा, मौजूद रहे।

# साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहू समाज जन कल्याण समिति हल्द्वानी की ओर से साहू समाज सम्मान व शपथ ग्रहण समारोह श्री हरि बैंकट हॉल ट्रांसपोर्ट नगर में अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की अध्यक्षता में संपन्न आयोजित




किया। जिसमें साहू समाज की युवा शाखा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व मेधावी छात्रों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामबाबू जयसवाल अध्यक्ष वैश्य महासभा द्वारा मेधावी बच्चों हिमांशु साहू, गर्व साहू, खुशी साहू, पूजा साहू, वंश कुमार साहू, पूर्णिमा साहू, नैंसी साहू, अंशिका साहू, अमन साहू, चिराग साहू, वेदांत साहू, आकांक्षा साहू, शिवांशु साहू, कनिष्का साहू, प्राची साहू, तेजस साहू व प्रियांशी साहू को सम्मानित किया गया ।तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि विनीत अग्रवाल पूर्व महामंत्री वैश्य महासभा द्वारा साहू समाज के युवा पदाधिकारियो अध्यक्ष आशीष साहू, महामंत्री अजय साहू, कोषाध्यक्ष दीपक साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद साहू, ओंमकार साहू, उपाध्यक्ष शिव मूरत साहू, सुमित साहू, अजय साहू, सुशील साहू, नीरज साहू, मनीष साहू,उपमहामंत्री पारस साहू,रोहित साहू, उपकोषाध्यक्ष जितेंद्र साहू, संगठन मंत्री राजकुमार साहू, विजय राठौड़, अवधेश साहू, कार्यक्रम संयोजक सौरभ साहू, प्रचार मंत्री राहुल साहू, पवन साहू व सोशल मीडिया प्रभारी दीपक साहू को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने संरक्षक सुखनंदन साहू का सम्मान किया तथा 25 सदस्यों की सलाहकार समिति की घोषणा की। इसके प्रमुख संरक्षक दशरथ साहू होंगे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शशि साहू, निधि साहू व प्रगति साहू तथा महामंत्री रामबाबू साहू द्वारा किया गया ।कशिश, सलोनी, काजल, आरती व विधान राठौर ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि महेंद्र कश्यप अध्यक्ष कश्यप समाज विजय गुप्ता अध्यक्ष कशोधन समाज अतुल जायसवाल अध्यक्ष युवा वैश्य महासभा उदय गुप्ता कपिल अग्रहरि आदि शामिल हुए। साहू समाज से श्री मति शिवपति साहू महिला अध्यक्ष सुषमा साहू, महिला महामंत्री बृजेश राठौर, कौषध्यक्ष सतीश साहू, ऊपाध्यक्ष पन्नालाल साहू, उप महामंत्री सोनू लाल साहू, उपकोषाध्यक्ष गुलाब साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश साहू, कार्यक्रम संयोजक सुशील साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राजू साहू, संगठन मंत्री हीरालाल साहू, पूर्व अध्यक्ष कमल साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू, रामनारायण साहू, सूर्य प्रसाद साहू, खेमराज साहू, हेमंत साहू, पूर्व युवा अध्यक्ष नरेश साहू, महेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष गणेश प्रसाद मूगाराम राठौर, पप्पू साहू, सालिक साहू, हर्ष साहू ,देवेश साहू, वंश साहू, निखिल साहू आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि रामबाबू जायसवाल ने वैश्य समाज व साहू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

# मोनाड स्कूल के बच्चों ने संगत को किया निहाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। मोनाड पब्लिक स्कूल गदरपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड के बच्चों द्वारा बड़ी लगन एवं तन्मयता से तैयार किए गए गुरबाणी के शब्द का गुरु नानक जयंती के मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में आयोजित गुरमत समागम में गायन किया। मोनाड पब्लिक स्कूल के म्यूजिक टीचर संजय सिकदार और कोऑर्डिनेटर हरमीत कौर द्वारा बच्चों को कड़ी मेहनत से तैयार करवाए गए गुरबाणी के शब्द,कर किरपा तेरे गुण गांवां, नानक नाम जपत सुख पांवां, गायन करने



के साथ संगत को वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह से संबोधित किया वहीं संगत द्वारा भी ,बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे बुलाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया । विदित हो कि मोनाड पब्लिक स्कूल के बच्चों को धार्मिक कीर्तन एवं अन्य गायन की कला सिखाने के लिए एक विशेष टीचर की व्यवस्था की गई है। जिनके द्वारा समय-समय पर उन्हें तैयारी करवा कर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों पर शब्द कीर्तन एवं स्कूलों में म्यूजिक कार्यक्रम के लिए पेश किया जाता है । गुरुद्वारा कमेटी एवं संगत द्वारा भी बच्चों को सम्मानित किया गया । इस मौके पर शिक्षिका हरमीत कौर (कोऑर्डिनेटर)और संजय सिकदार (म्यूजिक टीचर)के अलावा प्रभजोत ,गौरी, नैन्सी ,वर्षा ,अनन्या ,वालिया , हार्दिक ,दुर्गेश ,गुरशीन ,शगुन, पाखी ,पूनम,जयशा ,शरनजीत,अकांक्षा ,गुरनूर के अलावा तमाम संगत मौजूद रही।

# निकाय चुनाव में 15 गारंटियों के साथ उतरी आप

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में निकाय चुनावों की सुगबुगाहट के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने बिगुल फूंक दिया है। आप ने सबसे पहले निकाय चुनाव का घोषणा पत्र जारी किया है। पार्टी पदाधिकारियों ने 15 गारंटियों के साथ पत्र जारी कर दून में दिल्ली मॉडल पर विकास का वादा किया है।आम आदमी पार्टी बंजर सरकारी जमीनों पर स्मार्ट स्कूल बनाने और वॉर्डों में मोहल्ला क्लीनिक समेत अन्य सुविधाओं का दावा कर रही है। हालांकि, पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी को आमजन का समर्थन नहीं मिला था। लेकिन अब निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास कर रही है। शनिवार को लैंसडौन चौक के निकट स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में आम आदमी पार्टी की ओर से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही उत्तराखंड सह प्रभारी दिल्ली के त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित कुमार महरौलिया ने भी प्रतिभाग किया। उन्होंने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के लिए 15 गारंटियां दी हैं। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्षों से खाली पड़ी निकाय भूमि पर स्मार्ट स्कूल बनाकर बच्चों को मुफ्त शिक्षा देंगे। चार से पांच वार्डों पर एक मोहल्ला क्लीनिक बनाकर जनता को मुफ्त जांच व उपचार देंगे। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर शहर को गंदगी मुक्त कराएंगे। मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देकर भवन ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मोहल्ला व कॉलोनियों में उच्च कोटी की हाई मास्ट लाइट लगाएंगे। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा, कि निकाय अधिकारियों की ओर से आमजन के निवास पर पहुंचकर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर होम डिलीवरी सुविधा देंगे। ठेका प्रथा पर कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को पक्का करने, शहर में उच्च स्तरीय पार्किंग बनाने, वाचनालय व पुस्तकालय आदि की भी गारंटी दी गई। आम आदमी पार्टी की घोषणाओं के बाद अब अन्य पार्टियों पर दबाव बढ़ गया है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर, उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, प्रेम सिंह, डीके पाल, हिमांशु पुंडीर, कुलवंत सिंह, गणेश भट्ट, सचिव डा. शोएब अंसारी, संयुक्त सचिव जसबीर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मनोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# प्रेस की बदलती प्रकृति विषय पर गोष्ठी आयोजित

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आज राजकीय संग्रहालय अल्मोड़ा के सभागार में प्रेस की बदलती प्रकृति विषयक एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में जनपद के पत्रकारों ने प्रेस के बदलते स्वरूप, प्रेस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, वर्तमान परिदृश्य में हो रहे बदलावों आदि पर अपने अपने स्वतंत्र विचार रखे। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं अन्य साधनों के प्रयोग के साथ साथ मीडिया की विश्वसनीयता, मर्यादा एवं प्रतिष्ठा को बनाए रखने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। यह परिवर्तन पत्रकारिता में भी स्वाभाविक है। कहा कि हमें वर्तमान में बदलती पत्रकारिता के साथ साथ पत्रकारिता की गरिमा और इसकी विश्वसनीयता को कायम रखते हुए कार्य करना होगा। इस अवसर पर पत्रकार रमेश जोशी, चंद्रशेखर द्विवेदी, किशन जोशी, प्रकाश चंद्र पांडे, सुरेश तिवारी, कंचना तिवारी, दया कृष्ण कांडपाल समेत आदि पत्रकारों ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर पत्रकार हरीश भंडारी, एस एस कपकोटी, मुकेश सक्टा, जगजीवन बिष्ट, शिवेंद्र गोस्वामी, संतोष बिष्ट, अमित उप्रेती, दिनेश भट्ट, राजेंद्र सिंह धानक, हिमांशु लटवाल, नसीम अहमद, निर्मल उप्रेती, कमलेश कनवाल, अशोक पांडे, विनोद जोशी, राजीव कर्नाटक, दीपांशु पांडे, जगजीवन बिष्ट आदि मीडिया प्रतिनिधि तथा सूचना विभाग के प्रवीन प्रसाद, हरीश बिष्ट, मोहित रावत एवं चंदन लटवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुंदर कुमार ने किया।



## पेज एक का शेष...

**फार्च्यूनर कार ...**मारपीट करने लगे। ससुराल में पहली बार गर्भवती होने की बात जब ननद को बतायी तो वह बोली कि अभी इस परिवार में बच्चे की कोई जरूरत नहीं है। ननद के कहने पर पति व देवर उसको गर्भ गिराने की गोलियों खिलाने के लिये जबरदस्ती करने लगे जब उसने इसका विरोध किया तो उसे जोर से धक्का मारा जिससे जमीन पर गिर गयी। उसने अपने मामा को कॉल कर बुलाया। जिन्होंने उसको पुलिस की मदद से एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहाँ उसका गर्भपात हो गया। इस घटना की रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि 12 जून 2020 को ससुर अपने चचेरे भाई के साथ उसके मायके आये और उनके विश्वास पर अपनी ससुराल चली गयी। जहां उसे ससुराल के घर न ले जाकर अपने हॉस्पीटल मेडिकल हेल्थ केयर हस्पिटल की छत पर बने कमरे में ले गये जहां कोई भी उसको पूछने तक नहीं आया। पीड़िता ने 4 जुलाई 2020 को हॉस्पिटल के कैश काउंटर पर आये हुए दिन भर के पैसे अपने पास रख लिये। शाम को पति शेखर वहाँ आया और आते ही उसका सारा सामान फैक कर तोड़ना शुरू कर दिया। उससे वह पैसे छीन कर वहां से चला गया। अगले दिन ननद, देवर, पति हॉस्पिटल की छत पर बने कमरे में आये और धोखे से उसे जहरीला बिस्कुट खिला दिया। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। यह बात अपनी माँ को कॉल करके बतायी । उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसकी जान बच पायी। 10 मई 2021 को कोविड हो जाने से मां की मृत्यु हो गयी। पति उसके मायके रूद्रपुर आया उस समय वह घर में अकेली थी। उसे बैट से बुरी तरह से मारने लगा। चीखने-चिल्लाने पर आस-पास के लोगों ने उसे बचाया गया वरना पति उसे जान से मार देता। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लंबी दूरी की ...**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परिसर में क्त्क० प्रयोगशालाओं और उद्योग भागीदारों की मदद से स्वदेशी रूप में बनाया गया है। इस मिसाइल के परीक्षण की सफलता पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष ने टीम को बधाई दी। हाइपरसोनिक मिसाइल लगभग 6,200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से यात्रा कर सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल ध्वनि की गति से पांच गुना से ज्यादा गति से यात्रा करती हैं। ये किसी भी परिस्थिति में अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। ऐसा अनुमान है कि हाइपरसोनिक मिसाइल लगभग 6,200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से यात्रा करती है। हालांकि, ये मिसाइल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से थोड़ी धीमी है। हाइपरसोनिक मिसाइलें दुश्मन के रडार को चकमा देने की क्षमता रखती हैं।

**दिल्ली में आप को ...** भी लगाए हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, कैलाश गहलोत ईडी और सीबीआई की जांच का सामना कर रहे हैं। वह जांच का सामना नहीं कर पा रहे हैं। उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। दिल्ली की पिछली सरकार में परिवहन व पर्यावरण विभाग का कार्यभार संभालने वाले कैलाश गहलोत ने इस बार भी मंत्री पद की शपथ ली थी। कैलाश ने इस बार नजफगढ़ विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के अजित सिंह खरखरी को हरा कर जीत हासिल की थी।

**पुर्नवास के लिए...**मांग रखेंगे। यदि उनकी मांग का समुचित समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी आन्दोलन शुरू करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की होगी। उन्होंने कहा कि मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने दीपावली से पूर्व व्यापारियों को वेंडिंग जोन में दुकानें आवेटित करने का भरोसा दिया था जिससे व्यापारियों में उम्मीद जगी थी कि वह नये प्रतिष्ठान में दीपावली पर्व मनायेंगे। वह आश्वासन भी झूठा साबित हुआ। संजय ने कहा कि अब व्यापारी आश्वासनों पर कोई भरोसा न कर धरालत पर पुर्नवास चाहेंगे। इस दौरान व्यापारी इन्द्र जीत सिंह, हर्ष रावल, सुरेन्द्र तनेजा, आशु ग्रोवर आदि ने भी सम्बोधित किया। धरना प्रदर्शन करने वालों में संदीप राव, श्याम सुन्दर ढ़ींगरा, राजीव जोशी, रवि गंभीर, राकेश कालड़ा, प्रशांत कुमार, दीपक ढ़ींगरा, इसरार मियां, जसवीर सिंह, अजय कक्कड़, अनिल कक्कड़, हरजिन्दर सिंह, सीताराम बत्रा, अरविंद देवल, इदरीस अहमद, अमरजीत सिंह, हरीश जुनेजा, जगजीत सिंह, बलजीत सिंह, सुशील बाठला आदि व्यापारी मौजूद थे।

**बेकाबू डंपर ने ...** हो गए।शोर शराबा सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण हाईवे पर ही अड़े रहे। ग्रामीण डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे की मांग क रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही खानपुर विधायक उमेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन से बातचीत कर मृतक के परिजनों को 25 लाख,घायलों को 10 -10 लाख मुआवजा दिए जाने पर सहमति बनी। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। विधायक उमेश कुमार ने आरोप लगाया कि खनन के डंपरों से आए दिन हादसे हो रहे हैं, एक बार फिर से एक ग्रामीण हादसे की भेंट चढ़ गया है। मृतक और घायलों के परिजनों की हरसंभव मदद की जाएगी।

**युवा कांग्रेस ने ..**लिये 30 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है लेकिन जारी विज्ञप्ति में कोई उल्लेख नहीं किया गया जिससे महिलाओं में निराशा की भावना है सरकार ने जल्द ठोस निर्णय नही लिया तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जायेगा। युवा नेता दीपा खत्री व सामाजिक कार्यकर्ती प्रीती आर्या ने कहा राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। कांग्रेस नेता राजेंद्र बिष्ट व सन्दीप भेसोड़ा ने कहा उत्तराखंड में स्मार्ट मीटर को किसी भी कीमत में सहन नहीं किया जाएगा उग्र आंदोलन किया जायेगा। पुतला दहन करने वालों में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव भानु कबड़वाल, मोनू चौहान, प्रीती आर्या, शानू अल्वी, सौरभ कुमार, दीपा खत्री, करन अधिकारी, मयंक गोस्वामी, शारिक बादशाह, नंदनी खत्री, शशि गुप्ता, तारा कोरंगा, यमीन खान, राजेश कोरंगा, मोहित मसीह, रंजीत आर्या समेत तमाम लोग थे।

**मारपीट के बाद...**है कि इस घटना के बाद से हिमेश गायब है, उसकी कई जगह तलाश की गयी लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। महिला ने पुत्र के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की है और हमलावरों पर पुत्र को गायब करने का संदेह व्यक्त करते हुए कार्रवाई की गुहार लगायी है, फिलहाल पुलिस ने मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़िता के साथ थाने आई महिलाओं ने बताया कि 7 माह पहले भी प्रीत विहार क्षेत्र से 14 वर्ष की लड़की गायब हो गयी थी, जिसका पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा पायी है। कार्रवाई की गुहार लगाने वालों में खुशबू कोली,सुरजा देवी,नीलम,रामा देवी, राजकुमारी, प्रेम वती, सुनीता आदि महिलाएं शामिल रही।

**सरकारी नौकरी लगवाने...**अधिकारियों से हैं, और कहा कि उसके जो रुपये उसने लिये हैं वह भी इसमें एडजस्ट हो जायेंगे । संजीव ने बताया कि उसने भूदेव की बात पर विश्वास कर लिया। इस वर्ष 22 मार्च को उक्त भूदेव व विक्की चोटियाल ने उसे फिर टांडा तिराहे पर बुलाया और उसके सारे मूल कागजात (हाई स्कूल, इण्टर के अंकपत्र व सनद, स्थाई जाति, बीए, आधार कार्ड और सेवायोजन कार्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र) की मांग की तब उसने अपने कागजात उक्त लोगों को दे दिये। तब विक्की ने उससे कहा कि तुम 1 लाख 90 हजार रुपये की व्यवस्था कर लो तुम्हारा काम हो जायेगा। तब उसने विक्की के कहने पर उसे 90 हजार रुपये नकद व 1 लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से दिये। इसके बाद उसने कहा कि अभी 3 लाख रुपये और चाहिए जोकि हमें ऊपर वन विभाग के अधिकारियों को भी देने हैं जिससे तुम्हारा काम जल्द हो जायेगा। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को हम लोग ग्राम श्यामपुर, चिड़ियापुर, जिला हरिद्वार चलकर तुम्हारी नौकरी पक्की करा देंगे। संजीव ने बताया कि 24 मार्च को भूदेव उर्फ भोला व विक्की चोटियाल उसे लेकर श्यामपुर, चिड़ियापुर स्थित वन अनुसंधान केन्द्र के कार्यालय पहुंचे। वहां पहुंचकर विक्की चोटियाल ने वन विभाग की सरकारी जीप में बैठे एक व्यक्ति से मिलवाया जिसने अपना नाम विवेक तरार बताया और कहा कि मैं वन विभाग में कमिश्नर के पद पर तैनात हूँ और यह सारा एरिया मेरे अण्डर में ही आता है। तब उसने पूछा कि आज कार्यालय तो खाली पड़ा है और कोई भी कर्मचारी यहाँ दिखाई नही दे रहा तो विवेक तरार ने कहा कि होली का समय चल रहा है ज्यादातर कर्मचारी छुट्टियों पर अपने घर गये हैं। मैं भी विक्की के फोन आने के वजह से रुक गया था। संजीव ने विवेक तरार से पूछा कि उसकी ज्वाईनिंग कब तक हो जायेगी तो विवेक तरार ने कहा इस समय चुनाव की वजह से प्रदेश में आचार संहिता लगी हुई है, हम तुम्हारी ज्वाईनिंग बैक डेट में करा देंगे।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम आदेश कुमार पुत्र राम भान सिंह (पुराना नाम)बदल कर अब आदेश कुमार सिंह पुत्र राम भान सिंह (नया नाम) रख लिया है,भविष्य में मुझे इसी नये नाम जाना-पहचाना जाए।

पता-बमनपुरी सितारगंज,जिला ऊधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल संस्थागत प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वर्ष 2020 अनुक्रमांक 20115608 एवं इंटरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 22487085 प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं गुम हो गए हैं। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

-देवकी पाल पुत्री कैलाश पाल,
निवासी-गौजाजाली उत्तर,
हल्द्वानी,जिला-नैनीताल,उत्तराखण्ड



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड की 'मित्र पुलिस' को मिलेंगे नए मित्र

## स्मार्ट पुलिसिंग के लिए तैयार किये जा रहे हैं साइबर कमांडो,साइबर क्राइम की चुनौतियों से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी को अपनाएगी उत्तराखंड पुलिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े सभी आवश्यक उपकरण खरीदेगा पुलिस महकमा

-अर्श-

देहरादून(उद संवाददाता)।सूबे की पुलिस जन सामान्य के मित्र की भूमिका अदा करके जनसाधारण का भरोसा कितना जीत पाई है ? यह तो वही जाने, मगर अब उत्तराखंड सरकार राज्य की मित्र पुलिस के लिए नए मित्रों का इंतजाम करने जा रही है। पुलिस के यह नए मित्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी से प्रशिक्षित साइबर कमांडो होंगे, जो जटिल से जटिल साइबर क्राइम की गुत्थी सुलझाने में पुलिस की मदद करेंगे। दरअसल, आधुनिकता के इस दौर में साइबर क्राइम के बढ़ते मामले पुलिस के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। अपराधी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर नए-नए तरीकों से अपराध कर रहे हैं और इस तरह के अपराध सूबे की पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। इसलिए उत्तराखंड पुलिस भी खुद को अपडेट करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से अपराधियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने की तैयारी कर रही है। पुलिस के दृष्टिकोण में यह बदलाव देश में नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद आया है, क्योंकि भारतीय न्याय संहिता तकनीक बेस पुलिसिंग पर जोर देती है और इसीलिए क्राइम सीन से लेकर कोर्ट तक की प्रक्रिया को तकनीकी आधारित करने की कवायद की जा रही है। उल्लेखनीय है कि भारत में इसी साल लागू हुई तीनों नए आपराधिक कानून तकनीक बेस इन्वेस्टिगेशन को खासा तरजीह देते हैं। इसीलिए पुलिसिंग को भी तकनीक बेस्ड करने के प्रयास हो रहे हैं और इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी से बेहतर फिलहाल कोई विकल्प नहीं है ।लिहाजा राज्य का पुलिस मुख्यालय पुलिस अधिकारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी तकनीकी ज्ञान से लैस करने का सिलसिला आरंभ कर चुका है तथा 10-10 के ग्रुप में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों को यह प्रशिक्षण दिल्ली में अलग-अलग नामी कंपनियों से दिलवाया जा रहा है। इस दौरान साइबर कमांडो के रूप में प्रशिक्षण लेते हुए पुलिसकर्मी साइबर अपराध का खुलासा करने से जुड़े सभी गुर सीख रहे हैं। साथ ही साइबर अपराध को नियंत्रण करने के तरीके भी जान रहे हैं। आगे चलकर उत्तराखंड पुलिस के यह प्रशिक्षित साइबर कमांडो बाकी पुलिसकर्मियों को भी तकनीक की जानकारी देंगे और साइबर अपराध के लिए नए प्रशिक्षित जवानों को तैयार करेंगे।विशेषज्ञों का मानना है कि क्राइम सीन की स्कैनिंग से लेकर चेहरों की पहचान करने तक के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेहद कारगर साबित होगी तथा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और अपराधियों तक पहुंचने की दिशा में के भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खास रोल हो सकता है । इसके अलावा फॉरेंसिक कार्यों के लिए भी एआई का उपयोग किया जा सकेगा। इसमें अपराध के पैटर्न से लेकर इलाके की पहचान करने और क्षेत्र में फेस स्कैनिंग के जरिए संदिग्धों की पहचान करने तक भी एआई की विशेष भूमिका हो सकती है। लिहाजा, पुलिस विभाग को जल्द ही एआई से जुड़े सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की पहल अब धरातल पर मूर्त रूप लेने को अग्रसर है । आईजी लॉ एंड ऑर्डर नीलेश आनंद भरणे के अनुसार उत्तराखंड पुलिस विभाग जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मजबूत करने वाले उपकरणों की खरीद करने जा रहा है। इसमें हाईटेक ड्रोन कैमरों के साथ ही स्कैनिंग करने से जुड़े कैमरों को भी खरीदा जाएगा। इसके अलावा साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए तमाम सॉफ्टवेयर और टूल्स की भी पुलिस विभाग को जरूरत होगी, जिन्हें खरीदने की भी योजना है ।







# हनीट्रैप कांड का भंडाफोड़: कई लोगों को भी बनाया है शिकार!

## पुलिस ने काशीपुर के रिटायर्ड शिक्षक को हनी ट्रैप में फंसाकर 3.65 लाख रुपये वसूलने वाली महिला और युवक को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर के रिटायर्ड शिक्षक को हनी ट्रैप में फंसाकर 3.65 लाख रुपये वसूलने के मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त महिला सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस वारदात में लिप्त दो अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है। इस घटना से मानसिक रूप से परेशान हुए शिक्षक को अस्पताल में इलाज तक कराना पड़ा था। शनिवार को पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 21 अक्तूबर को मानपुर रोड काशीपुर निवासी सतनाम सिंह ने शिकायती पत्र दिया था। उन्होंने कहा था कि वह रिटायर्ड शिक्षक हैं। उनकी सोहल जनरल स्टोर नाम से किराने की दुकान है। 28 अगस्त को उनकी दुकान पर आई गौरी वर्मा उर्फ दमयंती वर्मा ने पीने के लिए पानी मांगा था। महिला ने उनको अपना नंबर दिया था और रुद्रपुर आने पर मिलने की बात कही थी। 31 अगस्त को वह रुद्रपुर आए तो महिला उनको चाय पिलाने के लिए इंदिरा चौक से अपनी रिश्तेदार के वसुंधरा कॉलोनी काशीपुर रोड स्थित एक घर पर ले गई। जैसे ही वह कमरे में पहुंचे तो महिला ने अपने कपड़े उतारने शुरू कर दिए थे। इसी बीच महिला के साथी विवेक बाठला उर्फ विक्की और अन्य लोग आए। उन्होंने चाकू दिखाकर उनको कपड़े उतारने पर मजबूर कर दिया। आरोपी विवेक ने खुद को हाईकोर्ट का अधिवक्ता और दूसरे ने खुद को बिलासपुर का ग्राम प्रधान बताया था। इसके बाद वहां पहुंचे तीसरे व्यक्ति ने खुद को एंटी ह्यूमन पुलिसकर्मी बताया। आरोपियों ने उनका मोबाइल, रुपये और एटीएम छीन कर उनके साथ मारपीट की थी। इसके बाद उनको बंधक बनाकर गावा चौक ले जाया गया। उनके एटीएम कार्ड और रिश्तेदारों से कुल 3.65 हजार रुपये ले लिए थे। इसके बाद भी वे लगातार उनसे रुपये की मांग कर रहे और पुलिस से शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने व परिवार सहित खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि सतनाम की शिकायत पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी जीतो कांबोज से जांच कराई गई तो प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया था। इस पर आरोपी दमयंती सहित चार अभियुक्तों के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज किया गया। शनिवार को पुलिस ने किच्छा रोड से दमयंती उर्फ गौरी वर्मा निवासी वार्ड नंबर आठ पंत कॉलोनी किच्छा और अजय गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 21 रम्पुरा को गिरफ्तार किया। दो अन्य अभियुक्तों विकास और अन्य की तलाश की जा रही है। कहा कि टीम को दो हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। रिटायर्ड शिक्षक ने आरोपियों के धमकाने पर अपने रिश्तेदार से दो बार में एक-एक लाख रुपये मंगवाए थे। इनमें से एक लाख रुपये गिरफ्तार अभियुक्त अजय गुप्ता और एक लाख रुपये विकास बाठला ने आराध्य बाठला के खाते में ट्रांसफर कराए गए थे। एसएसपी ने बताया कि अजय गुप्ता सस्ता गल्ला की दुकान चलाता है। उसकी गिरफ्तारी के बाद कुछ लोगों ने उसके खिलाफ शिकायतें की हैं। अगर वे तहरीर देते हैं तो केस दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। रिटायर्ड शिक्षक सतनाम सिंह खुद के साथ हुई घटना से तनाव में आ गए थे। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने के साथ ही पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। एसएसपी ने कहा कि लोग लोकलाज के भय से इस प्रकार की शिकायतों से दूरी बना लेते हैं लेकिन रिटायर्ड शिक्षक ने पुलिस पर भरोसा कर आपबीती को साझा किया था और इस पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरोह गैर कानूनी रुप से मौद्रिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए भोले भाले लोगो को अपने जाल में फंसाता था और ब्लैकमेल कर उनसे अच्छी खासी रकम वसूलता था। जानकारी में आया है कि गिरोह ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हनीट्रैप का शिकार बनाया है। जो लोग सामने आएंगे, उनकी शिकायत पर कार्रवाई होगी।






